
हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### तीन महीने पहले से ही कर्नाटक चुनाव के लिए तैयार है पार्टी : कांग्रेस

(एजेंसी) बेंगलुरु। कर्नाटक कांग्रेस ने बुधवार को एक बार फिर राज्य विधानसभा चुनाव जीतने का भरोसा जताते हुए कहा कि वह तीन महीने पहले से ही चुनाव के लिए तैयार है। राज्य पार्टी अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा, भाजपा इस चुनाव में 60 से 65 सीटें जीतने जा रही है। हम बहुमत हासिल करेंगे और सत्ता में आएंगे। उन्होंने कहा, अगर चुनाव पहले होते हैं तो यह कांग्रेस के लिए फायदेमंद है। भाजपा द्वारा घोषित नए आरक्षण कोटा से कोई भी खुश नहीं है। अगर मामला अदालत में ले जाया जाता है, तो यह टिकेगा नहीं। शिवकुमार ने आगे कहा कि कांग्रेस भाजपा की गलतियों को सुधारेगी। संपत्ति के बंटवारे की तरह जल्दबाजी में आरक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा गारंटी योजनाओं को पूरा करने का आश्वासन दिया जाएगा। वक्त ही बताएगा कि कौन फर्जी है। शिवकुमार ने कहा, केंद्रीय खान, कोयला और संसदीय मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने महादयी नदी के पानी के उपयोग के मुद्दे पर मिठाई बांटी। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि उसने इस संबंध में कोई अनुमति नहीं दी थी। अब जोशी का क्या कहना है? बीजेपी नेता कांग्रेस के पास जा रहे हैं। उन्होंने कहा, उन्हें समायोजित करना संभव नहीं है। ब

### छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से लागू हो रही है बेरोजगारी भत्ता योजना

(एजेंसी) रायपुर। छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को एक अप्रैल से हर माह ढ़ाई हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता योजना की शुरुआत हो रही है। इस योजना का लाभ उन्हीं बेरोजगार युवाओं को मिलेगा जिनके परिवार की आय ढाई लाख रुपये सालाना से कम होगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, राज्य में एक अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो रही है। इस योजना के अंतर्गत बेरोजगारों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में जाएगा। बेरोजगारों को साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। बेरोजगारी भत्ता योजना का लाभ लेने वाले आवेदक के पूरे परिवार की आय सलाना 2.50 लाख रूपए से कम होनी चाहिए। परिवार से तात्पर्य पति-पत्नी, 18 वर्ष से कम आयु के आश्रित बच्चे और आश्रित माता-पिता से है। बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के एक अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### सामान्य यूपीआई भुगतान पर नहीं लगेगा कोई शुल्क : एनपीसीआई

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बुधवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि बैंक खाते से बैंक खाता आधारित यूपीआई भुगतान या सामान्य यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। एनपीसीआई ने बयान में कहा कि विक्रेता के 'पूर्व भुगतान साधन (पीपीआई)श् के जरिये लेनदेन करने पर इंटरचेंज शुल्क लगेगा। हालांकि यह शुल्क ग्राहकों को अदा नहीं करना होगा। दरअसल, निगम ने पीपीआई वॉलेट को अंतर-संचालित (इंटरचेंज) यूपीआई परिवेश का हिस्सा बनाने की मंजूरी दी और पीपीआई के जरिये 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 1.1 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

## यूपी कैबिनेट बैठक में 22 प्रस्ताव पास

# यूपी निकाय चुनाव : ओबीसी आरक्षण संशोधन प्रस्ताव मंजूर

- राज्यपाल की मुहर लगते ही जारी हो जायेगी अधिसूचना : शर्मा
- मेयर और अध्यक्ष की सीटों के आरक्षण में होगा बदलाव
- ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर की स्थापना के प्रस्ताव पर भी मुहर



(संवाददाता)

लखनऊ । योगी आदित्यनाथ की सरकार की आज हुई कैबिनेट मीटिंग में 22 अहम प्रस्ताव पास हुए ।उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट से मिली हरी झंडी के बाद ओबीसी आरक्षण के संशोधित प्रस्ताव को आज योगी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव को राज्यपाल को भेजा गया है। वहां से मुहर लगते ही अधिसूचना जारी हो जाएगी। अगले 48 घंटे के अंदर ही अधिसूचना जारी होने के आसार हैं। अनंतिम आरक्षण की लिस्ट जारी हो सकती है। इस लिस्ट पर एक हफ्ते में आपत्ति मांगी जाएगी। आपत्ति निस्तारण के बाद अंतिम सूची आएगी और निर्वाचन आयोग चुनावों की घोषणा कर देगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सामान्य नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1916 एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम-1959 में संशोधन संबंधी अध्यादेश को रखा गया और मंजूरी दे दी गई। इसके साथ ही कुल 2 प्रस्तावों को योगी कैबिनेट की मुहर लगी है। पिछड़ा वर्ग आयोग ने राज्य सरकार को आबादी के अनुपात व ट्रिपल टेस्ट के आधार पर ओबीसी के लिए सीटें आरक्षित करने का सुझाव दिया है। अभी आरक्षण प्रदेश स्तर पर आबादी के हिसाब से सीटों को बांटते हुए किया जाता है। इससे पिछड़ों को वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसको देखते हुए मेयर सीटों का आरक्षण प्रदेश, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मंडल और नगर पंचायत अध्यक्ष सीटों का आरक्षण जिला स्तर पर आबादी और सीटों के अनुपात पर करने का सुझाव है। सुझाव के आधार पर ही अधिनियम में प्रावधान किया गया है। किसी सीट पर अगर 10 से 20 फीसदी तक आबादी है तो उसके आधार पर सीटें आरक्षित होंगी । किसी सीट पर 30 से 40 फीसदी अगर आबादी है तो तय कोटे के आधार पर 27 फीसदी तक ही आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। अधिनियम के आधार पर ही नियमावली में प्रावधान करते हुए नगर निगम मेयर, पालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्ष की सीटों का आरक्षण किया जाएगा ।राज्यपाल की मुहर लगते ही सीटों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सीटों के आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना बुधवार रात से गुरुवार के बीच कभी भी जारी की जा सकती है। आपत्तियों के लिए सात दिन और निस्तारण दो दिनों में करते हुए अंतिम अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में ट्रिपल टेस्ट के आधार पर सीटों के आरक्षण की व्यवस्था दी थी। उत्तर प्रदेश में इसके बाद वर्ष 2012 व 2017 के चुनाव पुरानी आरक्षण की व्यवस्था के आधार पर हो चुके हैं। इन दोनों ही चुनाव में जो सीटें आरक्षित की गई थीं उन्हें शून्य माना जाएगा ।आयोग की सिफारिश के आधार पर आरक्षण का अनुपात तय होगा। यह भी देखा जाएगा कि एससी, एसटी व ओबीसी की कुल आरक्षित सीटें 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। मेयर व अध्यक्ष की सीटों के आरक्षण में बदलाव होगा और वार्डों में कोई बदलाव नहीं होगा। मीटिंग के बाद मंत्री एके शर्मा ने बताया, हाईकोर्ट के निर्देश पर ओबीसी आयोग की स्थापना की गई। उसकी सर्वे रिपोर्ट आ गई है। इसे सुप्रीम कोर्ट को भी भेजा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी मंजूरी दे दी। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर कुछ आरक्षण संशोधन करने होंगे। इनके संशोधन के लिए अध्यादेश लाने की सिफारिश की गई है। अब इस पर यूपी की गवर्नर की मंजूरी का इंतजार है। इसके अलावा ऊर्जा और निकाय के प्रस्ष्तावों को पेश किया गया। इनमें से एक था ग्रीन एनर्जी कॉरध्डिोर की स्थ्थापना का। इसे भी मंजूरी मिली है। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर देश में कई जगह बनने की बात कही थी।

## दिल्ली विधानसभा में बोले केजरीवाल

# जिस दिन मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे, भारत भ्रष्टाचार मुक्त बन जाएगा



(एजेंसी)

नई दिल्ली। विपक्षी दलों का केंद्र की मोदी सरकार पर हमला जारी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा में कहा कि जिस दिन नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे, भारत भ्रष्टाचार मुक्त बन जाएगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई ने देश के सभी भ्रष्ट लोगों को एक पार्टी में ला दिया है। ईडी और सीबीआई ने छापा मारकर उनके सिर पर बंदूक रख दी और उनसे पूछा कि वे जेल जाना चाहते हैं या भाजपा मे आप नेता ने साफतौर पर कहा कि जिस दिन मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे, भारत भ्रष्टाचार मुक्त भारत बन जाएगा... जिस दिन उनकी सरकार सत्ता से बाहर हो जाएगी, भाजपा के लोगों को सलाखों के पीछे डाल देंगे, देश भ्रष्टाचार मुक्त होगा। केजरीवाल ने कहा कि ईडी-सीबीआई, 25 करोड़ 50 करोड़ सब जोर लगा लिया, अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 विधायक नहीं कर पाए, प्रस्ताव वापस कर लिया। उन्होंने कहा कि ये हमारी जगह होते तो, खूब अपमान करते। पहली बार, अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद भी विपक्ष को सत्ता पक्ष ने मौका दिया। कहते हैं ना, निंदक नियरे रखिए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी दावा करते हैं कि ईडी और सीबीआई ने सारे भ्रष्टाचारी को एक मंच पर ला दिया। वास्तविकता यह है कि हिमंत बिस्वा सरमा, शुभेंदु अधिकारी नारायण राणे जैसों पर ईडी और सीबीआई ने बंदूक रखी कि भाजपा मंजूर या जेल चोरी की थी इसलिए सभी भ्रष्टाचारी भाजपा में इकट्ठे हो गए। भाजपा को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि थोड़ी भी शर्म बची है तो अब ऑपरेशन लोटस की कोशिश भी मत करना। हम भगत सिंह के चेले हैं। उन्होंने कहा कि ये जनता की बात करने की जगह मुझे गालियां देने में लगे हैं। 2017 में भी इन्होंने सरकार गिराने की कोशिश की थी। कहते थे 21 एमएलए अयोग्य करार कर, कुछ तोड़कर सरकार बना लेंगे। लेकिन अब पता चल गया है कि ये खोखले हैं। इनके बस का कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान ने मोदी जी को भारी बहुमत दिया, ये देश को बहुत आगे ले जा सकते थे। लेकिन आज हर तरफही लूट, डर का माहौल है।

### कांग्रेस ने कहा, 40 फीसदी कमीशन वाली सरकार को उखाड़ फेकेंगे

(एजेंसी) नई दिल्ली। कर्नाटक विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद कांग्रेस ने कहा है कि वह चुनाव का सामना करने के लिए तैयार है और 40 फीसदी कमीशन वाली जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेती है। कर्नाटक के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस लोगों के आशीर्वाद से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा, कर्नाटक में 10 मई, 2023 को मतदान होने जा रहा है, कांग्रेस शांति-प्रगति-समृद्धि के एक नए युग की शुरूआत करने और ब्रांड कर्नाटक का पुनर्निर्माण करने, कल्याणकारी सरकार के केंद्र में कांग्रेस की गारंटी के साथ कन्नडिगा गौरव को बहाल करने का संकल्प लेती है। चुनाव आयोग ने बुधवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी। मतदान 10 मई को होगा और नतीजे 13 मई को घोषित किए जाएंगे।

### अमृतपाल सिंह मामला, कुछ संदिग्ध कार छोड़कर भागे, होशियारपुर में व्यापक तलाश अभियान शुरू

(एजेंसी) होशियारपुर। पंजाब पुलिस ने होशियारपुर के एक गांव में भगोड़े अलगाववादी अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के मौजूद होने की जानकारी मिलने के बाद इलाके में घर-घर जाकर व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। पुलिस द्वारा पीछा करने के बाद कुछ संदिग्ध अपनी कार छोड़कर भाग गए थे, जिसके बाद मंगलवार देर रात मरनीयां गांव में और इसके आस-पास तलाश अभियान शुरू किया गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को संदेह था कि भगोड़ा अमृतपाल और उसके सहयोगी कार में यात्रा कर रहे थे, जिसके बाद पंजाब पुलिस की 'काउंटर इंटेलिजेंसश् शाखा ने फगवाड़ा में उस कार का पीछा किया। उन्होंने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि वाहन में तीन या चार लोग सवार थे और ये लोग यहां मरनीयां कलां में गुरुद्वारा भाई चंचल सिंह के निकट अपनी कार छोड़कर भाग गए। गांव की मंगलवार रात को घेराबंदी की गई और तलाश अभियान शुरू किया गया। इसके अलावा सड़कों पर जांच चौकियां और अवरोधक लगाए गए। पुलिस ने संदिग्धों को पकड़ने के लिए मंगलवार देर रात घर-घर जाकर भी तलाशी ली। अमृतपाल के फरार हो जाने के बाद से पंजाब पुलिस हाई-अलर्ट पर है। अमृतपाल और उसके सहयोगियों ने एक गिरफ्तार व्यक्ति की रिहाई की मांग को लेकर अमृतसर के निकट अजनाला थाने पर धावा बोल दिया था। इस घटना के करीब तीन सप्ताह बाद 18 मार्च को पुलिस ने उसके और उसके खालिस्तान समर्थक 'वारिस पंजाब देश् संगठन के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी।

# कर्नाटक में 10 मई को होगा मतदान

## 13 मई को जारी होंगे चुनाव के नतीजे




(एजेंसी)

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बुधवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी। मतदान 10 मई को होगा और नतीजे 13 मई को घोषित किए जाएंगे। 224 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 24 मई को समाप्त हो रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार, कर्नाटक में कुल मतदाता 5.2 करोड़ हैं। उन्होंने बताया कि 80 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं की कुल संख्या 12.15 लाख है। 9.17 लाख से अधिक पहली बार मतदाता चुनाव में भाग लेंगे। अग्रिम आवेदन सुविधा के तहत 17 साल से अधिक उम्र के युवाओं से 1.25 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1 अप्रैल, 2023 तक लगभग 41,000 आवेदन 18 वर्ष के युवाओं से प्राप्त हुए थे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि शहरी उदासीनता और धन बल का दुरुपयोग राज्य में दो प्रमुख मुद्दे हैं और इस संबंध में उचित पहल की जा रही है। सीईसी ने कहा, हमने इस पर सभी प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित किया है। सीईसी ने कहा कि चुनाव आयोग (ईसी) धन बल के दुरुपयोग को रोकने के लिए अपनी टीमों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि कड़ी निगरानी रखने के लिए 2,400 सर्विलांस टीम होगी और तालमेल और समन्वय में काम करने वाली कई एजेंसियां होंगी। स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों की जागरूकता और सहयोग महत्वपूर्ण है। सीईसी ने कहा कि नागरिक किसी भी प्रकार के चुनावी कदाचार की रिपोर्ट सीविजिल ऐप के माध्यम से ईसीआई को कर सकते हैं।

# विपक्षी एकता को लेकर छलका नीतीश का दर्द, कहा हम तो चुपचाप इंतजार ही कर रहे

- सम्राट अशोक की जयंती पर नीतीश ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, बोले, विपक्ष की एकता ही मेरी इच्छा



(एजेंसी)

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विपक्षी एकता नहीं होने पर दर्द छलका है। उन्होंने कहा कि हम तो इंतजार ही कर रहे हैं। इधर, राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द किए जाने पर उन्होंने कहा कि कोर्ट के मुद्दे पर हम कुछ नहीं बोलते। पटना में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद नीतीश पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान जब पत्रकारों ने राहुल गांधी प्रकरण को लेकर सवाल किया तब उन्होंने कहा कि कोर्ट के मामले पर वह कभी भी प्रतिक्रिया नहीं देते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जांच सही ढंग से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के लोग तो इस मामले पर सदन और सदन के बाहर भी अपना जवाब और पार्टी की बात रख ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट का फैसला होता है तो सबको अधिकार है, ऊपरी कोर्ट में जाकर उसे चुनौती देने का। हम इस विषय पर कोई भी बयान नहीं दे सकते। उन्होंने दावे के साथ कहा कि कभी भी मैंने न्यायिक मामलों पर 17 साल सरकार चलाने के दौरान बयान नहीं दिया। इस दौरान विपक्षी एकता को लेकर भी उनका दर्द छलक गया। नीतीश कुमार ने कहा कि विपक्षी एकता पर मेरा ध्यान है।

# अतीक अहमद को उम्रकैद देने वाले जज को वाई श्रेणी सुरक्षा

## साये की तरह साथ रहेंगे 8 जवान और 2 कमांडो

(संवाददाता)

लखनऊ । बीएसपी के तत्कालीन विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल के अपहरण केस में दोषी और हत्या केस के आरोपी माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा प्रयागराज की स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट ने सुना दी है। अतीक को सजा सुनाने वाले जज दिनेश चंद्र शुक्ल की सुरक्षा बढ़ाई गई है। उन्हें वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई। जज के साथ 8 सुरक्षाकर्मी रहेंगे, दो कमांडो रहेंगे। माफिया अतीक अहमद को उमेश पाल के अपहरण केस में सुनवाई के लिए साबरमती जेल से सड़क के रास्ते 1300 किलोमीटर की दूरी तय कर प्रयागराज लाया गया। उमेश अपहरण केस में 11 आरोपियों में से अतीक समेत तीन को दोषी करार कर उम्रकैद की सजा सुनाई गई, जबकि 7 को बरी कर दिया गया। केंद्र सरकार की सुरक्षा में 5 तरह की एक्स,वाई, वाई प्लस,जेड,जेड प्लस कैटेगरी शामिल की गई हैं। सरकार खतरे के हिसाब से ही व्यक्ति को सुरक्षा उपलब्ध कराती है। एक्स कैटेगरी में दो सुरक्षाकर्मी और एक पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर दिया जाता है। वाई कैटेगरी के तहत 11 सुरक्षाकर्मी व्यक्ति की सुरक्षा में तैनात किए जाते हैं जिसमें दो कमांडो और दो पीएसओ रहते हैं। वाई प्लस कैटेगरी में 11 सुरक्षाकर्मियों के साथ एस्कॉर्ट वाहन भी रहता है। एक गार्ड कमांडर और चार गार्ड घर पर तैनात रहते हैं। जेड कैटेगरी के तहत 22 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाते हैं जिसमें 6 एनएसजी के कमांडो, दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफके जवान शामिल रहते हैं। सबसे पावरफुल जेड प्लस कैटेगरी में 58 सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं जिसमें 10 से ज्यादा एनएसजी कमांडो, एक बुलेटप्रूफ कार, 2 एस्कॉर्ट वाहन और घर के बाहर पुलिस कैम्प लगता है।

# अडाणी मुद्दे को लेकर राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

(एजेंसी) नई दिल्ली। अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को राज्यसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण उच्च सदन की कार्यवाही एक बार स्थगित होने के बाद दोपहर दो बजे जब पुनरू आरंभ हुई तब कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के सदस्य जेपीसी की मांग को लेकर फिर से नारेबाजी करने करने। शोरगुल के बीच ही राज्यसभा के महासचिव ने सूचित किया कि 'प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक, 2022 लोकसभा से पारित हो गया है। इसके बाद सभापति के आदेश पर केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'वन संरक्षण संशोधन विधेयक, 2023 के लिए संयुक्त समिति के गठन के प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए राज्यसभा के कुछ सदस्यों को इसमें नामित करने का प्रस्ताव रखा।

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर आपत्ति की। उन्होंने सवाल भी किया कि यह क्या हो रहा है? हालांकि उनकी पूरी बात शोरशराबे में नहीं सुनी जा सकी। इसके बाद, सभापति जगदीप धनखड़ ने दो बजकर करीब तीन मिनट पर सदन की कार्यवाही तीन अप्रैल, सोमवार को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन में बृहस्पतिवार को राम नवमी के कारण अवकाश रहेगा और शुक्रवार की एक अतिरिक्त छुट्टी रहेगी। अब सदन की अगली बैठक तीन अप्रैल, सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे होगी।

इससे पहले, सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के मात्र पांच मिनट के बाद ही, हंगामे की वजह से दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई थी। उच्च सदन में हंगामे की वजह से आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। बैठक शुरू होते ही कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कुछ सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही सभापति धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। फिर उन्होंने सदन को सूचित किया कि उन्हें नियम 267 के तहत, नियत कामकाज स्थगित कर अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आठ नोटिस मिले हैं। इसके आगे उन्होंने कुछ कहना चाहा, लेकिन हंगामे की वजह से वह अपनी बात कह नहीं पाए। उन्होंने सदस्यों से शांत रहने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। लेकिन सदन में व्यवस्था बनते न देख उन्होंने 11 बजकर करीब पांच मिनट पर बैठक दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी।

## संपादकीय

### लोकतांत्रिक असहिष्णुता

कहना कठिन है कि यह संयोग है या सुनियोजित पटकथा कि गुजरात की एक अदालत ने मानहानि मामले में राहुल गांधी के खिलाफ सजा तब सुनाई, जब ब्रिटेन में उनके भारतीय लोकतंत्र के बाबत दिये गये बयानों पर सत्तारूढ़ दल हमलावर बना हुआ है। राहुल पर न केवल सार्वजनिक मंचों से भाजपा नेताओं व मंत्रियों के हमले जारी थे, बल्कि संसद की कार्यवाही भी लंबे समय तक उनके माफी मांगने के मुद्दे पर गतिरोध में फंसी रही है। अब लोकसभा सचिवालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक पत्र में राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी रद्द कर दी गई है। बहरहाल, वर्ष 2019 में कर्नाटक की एक सभा में मोदी सरनेम को लेकर दिये गये कथित विवादास्पद बयान के बाबत सूरत कोर्ट में दर्ज मानहानि केस में गुरुवार को दो साल की सजा सुनाये जाने तथा शुक्रवार को उनकी सदस्यता रद्द करने को विपक्ष राजनीतिक बदले की कार्रवाई बता रहा है। इसमें दो राय नहीं जब देश में बिखरा विपक्ष सत्ता की महत्वाकांक्षाओं को लेकर एकजुट नहीं हो पाया है तो ऐसे में राहुल गांधी ही भारी बहुमत से सत्ता में आई राजग सरकार से हर मामले में मोर्चा लेते रहे हैं। कहीं न कहीं भाजपा अपने कांग्रेस मुक्त भारत के एजेंडे को अमलीजामा पहनाने की कवायद में जुटी नजर आती है। लेकिन यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि राहुल गांधी न केवल सड़क बल्कि संसद में भी केंद्र की रीति-नीतियों को लेकर आक्रामक प्रतिरोध दर्ज कराते रहे हैं। पिछले दिनों कन्याकुमारी से कश्मीर तक की उनकी पदयात्रा को पूरे देश में सकारात्मक प्रतिसाद मिला था। वे विभिन्न मंचों व स्थानों से लगातार प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी पर हमलावर रहे हैं। निस्संदेह, लोकतंत्र में सशक्त विपक्ष अनिवार्य शर्त है। मुखर विपक्ष एक मार्गदर्शक और सचेतक का काम करता है। वह सत्तापक्ष को निरंकुश व्यवहार करने से रोकता है। किसी भी देश में सशक्त विपक्ष लोकतंत्र की खूबसूरती को दर्शाता है। सही मायनों में लोकतंत्र राजतंत्र, कुलीनतंत्र और किसी व्यक्ति केंद्रित शासन के विपरीत सहभागिता-सहयोग का पक्षधर होता है।निस्संदेह, भारत जैसे विविध संस्कृति और धर्मों के देश में उदार लोकतंत्र की कल्पना हमारे संविधान निर्माताओं ने की है। आजादी के बाद कई दशकों तक भारतीय लोकतंत्र उसी राह पर चला। आपातकाल के अलावा भी आजादी के बाद देश की राजनीति में वर्चस्व के चलते कांग्रेस सरकारों के दौरान भी विपक्ष को दबाने तथा सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के मामले जब-तब प्रकाश में आते रहे। हाल के दिनों में राजग सरकार में विपक्षी दलों के नेताओं की घेराबंदी के लिये जिस तरह आयकर विभाग, ईडी तथा सीबीआई का इस्तेमाल किया गया, उसे लोकतंत्र के लिये अच्छा संकेत कभी नहीं कहा जा सकता। सवाल उठाये जाते रहे हैं कि भाजपा शासित राज्यों के नेताओं के खिलाफये सरकारी एजेंसियां कार्रवाई क्यों नहीं करतीं? दूसरे दलों से आये दागी नेता भाजपा व अन्य सहयोगी दलों में आने पर दूध के धुले कैसे हो जाते हैं? राहुल गांधी व कांग्रेस को घेरने के लिये भी नेशनल हेराल्ड प्रकरण में छापेमारी चलती रही है। यह जानते हुए कि पार्टी के मुखपत्र नेशनल हेराल्ड के जरिये पार्टी अपने आर्थिक हितों का पोषण करती रही है, फिर भी उसे निशाने पर लगातार लिया जाता रहा है। बहरहाल, मानहानि मामले में राहुल गांधी को सजा और उनकी सदस्यता खत्म करने का मामला अगले कुछ समय तक तीखे राजनीतिक विमर्श का मुद्दा बनेगा। निस्संदेह, कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव व अगले साल होने वाले महासमर के चुनावों तक जायेगी। पार्टी राहुल गांधी को पीड़ित के रूप में जनता की चौखट तक ले जायेगी क्योंकि पार्टी को पता है देश की जनता के फैसलों की सहानुभूति जब-तब वोटों में तब्दील होती है। बहरहाल, इस प्रकरण से विपक्ष को भी सबक मिलेगा कि एकजुटता के साथ भाजपा व नरेंद्र मोदी का मुकाबला किया जा सकता है।

### फिर उठा ईवीएम का सवाल

ईवीएम मशीन और बैलेट पेपर का मुद्दा विपक्षी दलों द्वारा फिर से उठा दिया गया है। इसका सम्बन्ध सीधे उस चुनाव आयोग से है जो भारत के संविधान के तहत एक स्वतन्त्र व निष्पक्ष व स्वायत्तशासी संवैधानिक संस्था है। संसद के बजट अधिवेशन के चलते विभिन्न विपक्षी दलों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता श्री शरद पवार के निवास पर बैठक करके चुनाव आयोग को यह याद दिलाया कि ईवीएम मशीनों के चुनावों में प्रयोग करने व इनकी विश्वसनीयता के बारे में इन दलों ने पहले सवाल पूछे थे उनका लिखित उत्तर अभी तक नहीं दिया गया। इस सन्दर्भ में एक सवाल बहुत वाजिब तौर पर खड़ा किया जाता है कि जिस देश जापान ने ईवीएम मशीनों का निर्माण किया था उसी ने इनका उपयोग करना क्यों बन्द कर दिया? इसके साथ ही दुनिया के जितने भी विकसित यूरोपीय देश माने जाते हैं उनमें से भी किसी में इस मशीन का चुनावों में प्रयोग नहीं होता। यहां तक कि दुनिया के सर्वाधिक विकसित देश अमेरिका में भी ईवीएम मशीनें प्रयोग में नहीं लाई जातीं। आखिरकार इसकी क्या वजह हो सकती है, इस बारे में भी स्वाभाविक तौर पर आम भारतीय के मन में सवाल उठ सकता है? चुनाव आयोग लगातार ईवीएम मशीनों की विश्वसनीयता को लेकर संजीदा बना रहता है और जब भी इस बारे में सवाल उठाये जाते हैं वह विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अपने दफ्तर में बुला कर उनके सामने इन मशीनों का प्रदर्शन करके इसमें छेड़छाड़ करने की चुनौती फैंक देता है। जाहिर तौर पर राजनैतिक दल टैक्नोलॉजी विशेषज्ञ नहीं होते जिससे वे बिना विशेषज्ञों की मदद के अपना पक्ष सिद्ध कर सकें। हालांकि उन्हें टैक्नोलॉजी विशेषज्ञों को लाने की भी अनुमति होती है। मगर मूल सवाल यह है कि मशीन का निर्माण मनुष्य का दिमाग ही करता है अतः मतदाता और मतपत्र के बीच में किसी तीसरी शक्ति के विद्यमान रहने की पूरी संभावना रहती है। जबकि भारत का चुनाव कानून जनप्रतिनिधित्व अधिनियम कहता है कि मतदाता और मतपत्र अर्थात वोटर और वोट पाने वाले प्रत्याशी के बीच में किसी भी प्रकार से अथवा किसी भी रूप में कोई तीसरी अदृश्य शक्ति तक नही होगी। मतदाता और प्रत्याशी के बीच कोई तीसरा तत्व किसी भी रूप में नहीं रहना चाहिए क्योंकि ऐसा होते ही मतदान की गोपनीयता के भंग होने का खतरा पैदा हो जायेगा। यह बहुत ही पेचीदा और बारीक कानूनी मुद्दा है जिसकी समीक्षा सर्वोच्च न्यायालय तक में हो सकी है। इसके बाद ही सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि चुनावों में ईवीएम मशीनों के साथ वीवी पैट मशीनों या वोट रसीदी मशीनों को भी लगाया जाये जिससे मतदाता यह देख सके कि मशीन में जिस प्रत्याशी के चुनाव निशान के आगे वह बटन दबा रहा है उसका वोट उसे मिला है या नहीं। परन्तु यह विधि भी पूरी तरह दोषमुक्त नहीं कही जा सकती क्योंकि विपक्षी नेताओं समेत कई टैक्नोलॉजी विशेषज्ञ यह आशंका व्यक्त कर चुके हैं कि चुनाव में प्रयोग की जाने वाली मशीनों को इस प्रकार निर्देशित किया जा सकता है कि उनमें पहले से ही किसी विशेष प्रत्याशी के चुनाव निशान पक्ष में वोट भर दिये गये हों जिनका प्रदर्शन उनके मतदान केन्द्रों पर रखे जाने के समय न होता हो। इसे तकनीकी भाषा में प्रोग्रेमिंग कहा जाता है। मगर इससे भी ऊपर सवाल यह है कि जब चुनाव कानून साफकहता है कि वोटर का वोट पूरी तरह गुप्त है तो उसकी गोपनीयता भंग होने की आशंका ही क्यों पाली जाये। आखिरकार कोई तो वजह होगी जिससे अमेरिका व जापान जैसे देश भी इन मशीनों का प्रयोग नहीं करते हैं। इंटरनेट के जमाने में इन मशीनों को किस हद तक विश्वसनीय माना जा सकता है। जब इन मशीनों में इंटरनेट के जरिये ही प्रत्याशियों के नाम उनके चुनाव निशान भरे जाते हैं तो अन्य कुछ क्यों असंभव हो सकता है। जब डिजिटल रुपयों के लेन-देन में सारी सुरक्षा होने के बावजूद धोखाधड़ी हो जाती है तो ईवीएम मशीनों में तो सिर्फचिप लगाने का मामला होता है। मतदाता अपना वोट जिस प्रत्याशी को देता है उसकी पूरी जानकारी तो मशीन में भरी होती है इसका मतलब सीधा है कि मतदाता और प्रत्याशी के बीच में मशीन मौजूद है जिसे किसी मनुष्य ने ही बनाया है। इसके साथ ही इन मशीनों के रख-रखाव पर ही चुनाव आयोग को करोड़ों रुपये प्रति वर्ष खर्च करना पड़ता है और इनका रिकार्ड भी रखना पड़ता है। मशीनों के खराब हो जाने की स्थिति में रिकार्ड भी सुरक्षित नहीं रह सकता।

# लड़किया लीडर बनेगी तभी उनकी दुनिया बदलेगी

**प्रियंका सौरभ**

लड़कियों में नेतृत्व के गुणों का निर्माण करने के सबसे शक्तिशाली तरीकों में से एक है लड़कियों को नेतृत्व की भूमिकाओं में रखना। जब लड़कियों से दूसरों का नेतृत्व करने की उम्मीद की जाती है, तो उन्हें अपने भीतर वह शक्ति मिल जाती है, जिसके बारे में उन्हें पता भी नहीं होता। यह लड़कियों के बीच औपचारिक पदों या अनौपचारिक संबंधों के रूप में आ सकता है। रचनात्मक कार्यक्रम के नेता और प्रशिक्षक इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने और नेतृत्व के सभी रूपों का समर्थन करने के लिए सूक्ष्म तरीके ढूंढते हैं। आज दुनिया 900 मिलियन किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं की परिवर्तनकारी पीढ़ी का घर है जो काम और विकास के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है। यदि युवा महिलाओं के इस समूह को 21वीं सदी के कौशलों को पोषित करने के लिए सही संसाधनों और अवसरों से सुसज्जित किया जा सकता है, तो वे इतिहास में महिला नेताओं, बदलाव लाने वालों, उद्यमियों और नवप्रवर्तकों का सबसे बड़ा हिस्सा बन जाएंगी। लड़कियों और युवा महिलाओं की सबसे बड़ी पीढ़ियों में से एक भारत ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक पहल की है। भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल और वित्तीय समावेशन, नेतृत्व निर्माण प्रदान करता है, और सतत विकास लक्ष्य 5 की उपलब्धि में मदद करने के लिए व्यवहार्य ढांचे की स्थापना की है, जो 2030 तक दुनिया को और अधिक लिंग समान स्थान बनाने की कल्पना करता है। आज देश में लैंगिक अंतर चौड़ा हो गया है और विशेष रूप से राजनीतिक सशक्तिकरण और आर्थिक भागीदारी और अवसर में लैंगिक समानता



कम है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में काफी कम भुगतान किया जाता है, कुछ शोधों से पता चलता है कि समान योग्यता वाले समान नौकरियों में महिलाओं और पुरुषों के बीच लिंग वेतन अंतर 34: तक है। श्रम बल की भागीदारी देखे तो 2020 तक, भारत में दक्षिण एशियाई देशों में महिला श्रम बल की भागीदारी दर सबसे कम है, पाँच में से चार महिलाएँ न तो काम कर रही हैं और न ही नौकरी की तलाश में हैं। ऑक्सफैम के अनुसार, अप्रैल 2020 में भारत में 17 मिलियन महिलाओं ने अपनी नौकरी खो दी, उनकी बेरोजगारी दर पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गई। महिलाओं के लिए आज भी काम के कम अवसर है, लॉकडाउन चरणों के दौरान महिलाओं को अपनी नौकरी खोने की संभावना सात गुना अधिक पाई गई। असमान घरेलू जिम्मेदारीरू इसके संभावित कारणों में घरेलू जिम्मेदारियों का बढ़ा हुआ बोझ शामिल है, जिसे आमतौर पर भारतीय महिलाओं को उठाना पड़ता है, न केवल घर के काम बल्कि बुजुर्गों की देखभाल और बच्चों की पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होती है, जिसके लिए उनके स्कूल बंद होते हैं। अवैतनिक कार्य को कम करने के लिए अब हमारे लिए अवैतनिक देखभाल और घरेलू कार्य को पहचानना, कम करना और पुनर्वितरित करना महत्वपूर्ण है, ताकि महिलाएं पुरुषों के समान आर्थिक अवसरों और परिणामों का आनंद उठा सकें। ऐसी नीतियां जो सेवाएं प्रदान करती हैं, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचा, पुरुषों और महिलाओं के बीच घरेलू और देखभाल के काम को साझा करने को बढ़ावा देती हैं, और देखभाल अर्थव्यवस्था में अधिक भुगतान वाली नौकरियां पैदा करती हैं, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर प्रगति में तेजी लाने की तत्काल आवश्यकता है। निर्णय लेने और शारीरिक स्वायत्तता हेतु महिलाओं को अपने शरीर के बारे में निर्णय लेने के लिए सशक्त होने की आवश्यकता है, जैसे कि यौन संबंध बनाना है या नहीं, यौन संबंध कब शुरू करना है, गर्भ निरोधकों का उपयोग करना है या नहीं, और जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करना है। उन्हें सभी प्रकार की हिंसा और उत्पीड़न से भी मुक्त होने की आवश्यकता है। महिलाओं और युवा लड़कियों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन की दिशा तय करने में सक्षम बनाने के लिए ये बुनियादी शर्तें महत्वपूर्ण हैं।रूढ़िवादि लैंगिक मानदंड जो महिलाओं को असमान रूप से घरेलू और देखभाल की जिम्मेदारियों को बढ़ाते हैं, वित्त और उद्यमशीलता के क्षेत्रों में पुरुषों का प्रतिनिधित्व, और अपर्याप्त मातृत्व अवकाश, कुछ लचीली कार्य व्यवस्था, चाइल्डकैअर सुविधाओं की कमी कार्यस्थल में कुछ ऐसी बाधाएँ हैं जो बताती हैं कि महिलाओं का बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व कार्य भागीदारी में तब्दील क्यों नहीं होता है। सक्रिय रूप से इन रूढ़ियों का मुकाबला करने के लिए लड़कियों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में महिला वित्तीय शिक्षा और उद्यमिता पाठ्यक्रम को शामिल करने की आवश्यकता है। ओलंपियाड, इनोवेशन लैब, बूटकैंप और प्रतियोगिताओं जैसे तत्वों का परिचय लड़कियों को व्यावहारिक अनुप्रयोगों के लिए उजागर कर सकता है और उन्हें अपने पारिस्थितिकी तंत्र में चुनौतियों का समाधान बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है। जैसे-जैसे डिजिटल तकनीक तक पहुंच बच्चों और युवाओं के लिए अवसर और बुनियादी सेवा का एक क्षेत्र बनता जा रहा है, भाषा, सांस्कृतिक बारीकियों, और अलग-अलग समुदायों की इंटरनेट पहुंच के लिए अनुकूलित समाधानों का निर्माण और विस्तार करना लड़कियों को डिजिटल समावेशन के माध्यम से ज्ञान तक समान पहुंच प्रदान कर सकता है।महिला नेतृत्व के फलने-फूलने के लिए स्थितियां बनाने के लिए, समाज के सभी स्तरों पर महिलाओं को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), शारीरिक स्वायत्तता और सुरक्षा, घर के भीतर साझा जिम्मेदारी और निर्णय में समान भागीदारी का समावेश होना चाहिए। रोजगार क्षमता बढ़ाने, नेतृत्व के लिए खेल, डिजिटल नवाचार और सीखने के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण और शारीरिक स्वायत्तता किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं के बीच नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने की कुंजी है।

# सरकार की आक्रामक कूटनीति



आज का युग बड़ा ही राजनीति का है, कूटनीति का है। कूटनीति में जो सामने दिखाई देता है वह वास्तव में होता नहीं है और जो होता है वो पर्दे के पीछे होता है। भारत में कूटनीति के अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं। चाणक्य नीति इस मामले में खरी उतरती है। भगवान कृष्ण की नीति को अगर किसी ने समझा तो वह चाणक्य ने समझा था। उसके बाद छत्रपति शिवाजी ने भी अपने कूटनीतिक कौशल का परिचय दिया था। देश की स्वतंत्रता के समय तत्कालीन गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने जिस तरह से साम-दाम-दंड-भेद, हंसते हुए, मुस्कुराते हुए, मनाते हुए देश की सियासतों को इकट्ठा कर खंडित भारत को अखंड बना दिया। कूटनीति की सफलता इस बात में है कि किसी देश द्वारा खामोशी से किए जा रहे कामों का साकारात्मक फल निकले। कूटनीति में भी शतरंज की तरह ही राजा के सारे मार्ग बंद करके अचानक शह दी जाती है और उसे बचाने के लिए तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। लंदन में भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तान समर्थकों का हमला और तिरंगे का अपमान भारत के स्वाभिमान का मुद्दा बन गया है। हालांकि ब्रिटेन सरकार के पास ऐसे खुफिया इनपुट्स थे कि खालिस्तान समर्थक भारतीय उच्चायोग पर हमला कर सकते हैं। इसके बावजूद ब्रिटेन सरकार ने समय रहते कोई एक्शन नहीं लिया। भारत सरकार ने पहले तो ब्रिटेन के राजनयिक को बुलाकर अपना कड़ा प्रोटेस्ट जताया था लेकिन ब्रिटेन सरकार द्वारा भारत की बातों पर तवज्जो न देने पर आक्रामक कूटनीति को अपनाया गया। बुधवार को दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग और ब्रिटिश उच्चायुक्त के आवास का सुरक्षा घेरा हटा लिया गया। वैसे देखा जाए तो कूटनीति में ज्यादातर गोपनीय चालों का सहारा लिया जाता है लेकिन मोदी सरकार ने ऐसा करके जैसे को तैसा की नीति अपनाई है। इसके बाद यह खबर आई कि लंदन में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। भारत के रुख को देखते हुए ऋषि सूनक सरकार को सुरक्षा बढ़ाने पर विवश होना पड़ा है। ब्रिटेन के खिलाफ भारतीय एक्शन को देखते हुए कई देशों को डर सता रहा है कि भारत जल्द ही अमेरिका, कनाडा और आस्ट्रेलिया के खिलाफएक्शन ले सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में भारत दौरे पर आए आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस से भी वहां हिन्दू मंदिरों पर खालिस्तान समर्थकों के हमलों को लेकर बात की थी और कहा था कि आस्ट्रेलिया सरकार ऐसे तत्वों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करेगी। ब्रिटेन इन दिनों आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। वहां महंगाई आसमान छू रही है। भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सूनक देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए भारत के साथ मुक्त व्यापार संधि करना चाहते हैं। अगर यह संधि नहीं हुई तो ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो सकती है। ब्रिटेन भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करना चाहता है लेकिन ब्रिटेन कई बार भारत की बातों को अनसुना कर देता है। हालांकि लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर खालिस्तान समर्थकों ने ताजा प्रदर्शन भी किया है लेकिन इस बार ब्रिटेन के सुरक्षा प्रबंध भी दिखाई दिए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बीबीसी की डाक्यूमैंटरी पर भीष् विवाद उठ खड़ा हुआ था। खालिस्तान समर्थकों द्वारा विदेशों में लगातार विरोध-प्रदर्शनों के पीछे भारत को बदनाम करने की अन्तर्राष्ट्रीय साजिश नजर आ रही है। अगर ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया भारतीय दूतावासों और उच्चायोगों और भारतीय राजनयिकों को सुरक्षा प्रदान नहीं करता तो यह वियना संधि का उल्लंघन है। स्वतंत्र और संप्रभु देशों के बीच राजनयिक संबंधों को लेकर सबसे पहले 1961 में वियना कन्वैंसन हुआ था उसके तहत एक ऐसे अन्तर्राष्ट्रीय संधि का प्रावधान किया गया जिसमें राजनयिकों को विशेष अधिकार दिए गए। इसके आधार पर ही राजनयिकों की सुरक्षा के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों का प्रावधान किया गया। भारतीय राजनयिकों और उच्चायोगों की सुरक्षा करना ब्रिटेन का दायित्व है। भारत में ब्रिटेन के राजनयिकों को कोई खतरा नहीं है। इसके बावजूद उनको भारी सुरक्षा दी जाती है। ब्रिटेन उच्चायोग का सुरक्षा घेरा घटाए जाने का कदम वैसा ही है जैसा कि भारत ने दिसम्बर 2013 में किया था। न्यूयार्क में भारतीय राजनयिक देवयाणी खोबरगड़े को जब भारतीय घरेलू कामगार के कथित बीजा फ्रॉड में गिरफ्तार कर उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया था तो दिल्ली में अमेरिकी दूतावास से सुरक्षा व्यवस्था हटा ली गई थी, जिसे बाद में बहाल कर दिया गया था। भारतीय कूटनीति मजबूत इरादों के साथ काम कर रही है और गूढ़ योजना के साथ पाकिस्तान, चीन और अन्य देशों से निपट रही है। पाकिस्तान आज पूरी दुनिया में अलग-थलग खड़ा है तो इसका श्रेय मोदी सरकार की आक्रामक नीति को ही जाता है।

# कांग्रेस को कोई समझाये कि राहुल गांधी को सजा मोदी सरकार ने नहीं अदालत ने सुनाई है

**नीरज कुमार दुबे**

दशकों तक राज करने वाले गांधी परिवार के राजनीतिक वारिस राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के मामले में अदालत ने सजा सुनाई तो कांग्रेस देशभर में सड़कों पर हंगामा कर रही है। कांग्रेस को समझ क्यों नहीं आ रहा है कि सजा मोदी सरकार ने नहीं सूरत की एक कोर्ट ने सुनाई है। क्या आपने कभी देखा है कि अदालत अगर किसी व्यक्ति को किसी मामले में दोषी पाते हुए उसे सजा सुना दे तो दोषी व्यक्ति या उसका समुदाय सड़कों पर हंगामा करने लगे, क्या आपने कभी देखा है कि यदि कोई जाँच एजेंसी या पुलिस किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाये या जाँच एजेंसी किसी के पास पूछताछ के लिए जाये तो वह व्यक्ति या उसका परिवार सड़क पर हंगामा करने लगता है? नहीं ना। जब देश का आम व्यक्ति कानून का पालन करता है। नोटिस मिलने पर जांच एजेंसी के समक्ष हाजिर होता है। सजा सुनाये जाने पर जेल जाता है या उस फैसले को चुनौती देता है तो वीआईपी व्यक्ति ऐसा क्यों नहीं करता? देश में दशकों तक राज करने वाले गांधी परिवार के राजनीतिक वारिस



राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के मामले में अदालत ने सजा सुनाई तो कांग्रेस देशभर में सड़कों पर हंगामा कर रही है। कांग्रेस को समझ क्यों नहीं आ रहा है कि सजा मोदी सरकार ने नहीं सूरत की एक कोर्ट ने सुनाई है। यही नहीं, जब नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पटियाला हाउस कोर्ट जाना पड़ा था तब भी कांग्रेस ने ड्रामा कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह समेत पार्टी के आला नेताओं का सड़कों पर मार्च करा दिया था। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया तो कांग्रेसियों ने सड़कों पर जमकर हंगामा काटा। आज जिस तरह से कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेता मार्च निकालते हुए विजय चौक तक पहुँचे और राष्ट्रपति से मुलाकात तथा आगामी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रमों का ऐलान करते हुए मोदी सरकार को कोसा उससे सवाल उठता है कि क्यों कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को देश के कानून से ऊपर मानते हैं। जब दो साल की सजा सुनाये जाने पर कई अन्य सांसदों और विधायकों को संबंधित सदनों की सदस्यता गंवानी पड़ी तो राहुल गांधी को क्यों छूट मिलनी चाहिए? दूसरी ओर, मोदी उपनाम के खिलाफअमर्यादित टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को अदालत ने सजा सुनाई तो कांग्रेस ने कह दिया कि हमें पहले से पता था यही होगा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी की आवाज दबाने की साजिश हो रही है। क्या कांग्रेस को पता नहीं है कि अदालतों में साजिश नहीं होती बल्कि सुबूतों के आधार पर फैसला सुनाया जाता है। अभी दो दिन पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी मामले में जो जांच कमेटी बनाई है वह क्लीन चिट कमेटी है। क्या कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट पर भी विश्वास नहीं है? कांग्रेस नेता जिस तरह भारत के लोकतंत्र, भारत की संसद, जांच एजेंसियों, न्यायपालिका, संवैधानिक संस्थानों और मीडिया पर सवाल उठा कर उन्हें संदेह के घेरे में लाना चाह रहे हैं वह गांधी परिवार की सत्ता लोलुपता को दर्शाता है। लोकसभा चुनाव महज एक साल दूर है इसलिए विपक्ष की बेसब्री बढ़ती जा रही है। कुछ विदेशी एजेंसियों की भारत विरोधी रिपोर्टों को हवा देकर भारत में भुखमरी या हालात खराब होने की बात को प्रचारित किया जा रहा है, विदेशी मीडिया में भारत विरोधी खबरें छपवाई जा रही हैं, विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें की जा रही हैं। यही नहीं, अब तो विपक्ष एक बार फिर ईवीएम के खिलाफआवाज बुलंद करने जा रहा है। इस क्रम में शरद पवार के घर पर विपक्ष की बैठक में आगे की रणनीति बनी। देखा जाये तो देश में एक चलन-सा बनता जा रहा है कि चुनाव हार जाओ तो ईवीएम पर ठीकरा फोड़ दो जबकि जो भी दल ईवीएम पर सवाल उठाते हैं वह ईवीएम के जरिये ही चुनाव जीतते रहे हैं। विपक्ष को चाहिए कि अपनी नाकामियों के लिए वह देश के तंत्र को दोषी ठहराने की बजाय अपनी कमियों को ईमानदारी से ढूँढ़े और आगे बढ़े। कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष को यह भी समझना होगा कि सत्ता के लिए शॉर्टकट रास्ता सफलता नहीं दिलायेगा बल्कि सत्ता से और दूर ले जायेगा।

# सार्वजनिक जीवन में सामंती मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता

भारतीय राजनीति में सभी स्तरों पर आदर्शहीनता, मूल्यहीनता व अभद्र वचनों की वाचाल आंधी चल रही है, जो नई कोपलों के साथ पुराने वट-वृक्षों को भी उखाड़ रही है। मूल्यों के बिखराव के इस चक्रवाती दौर में भारतीय राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। युगीन भारतीय राजनीतिक मनोरचना में शालीनता एवं शिष्टता के स्थान पर स्वच्छन्दता, अशालीन एवं अभद्र भाषा के व्यवहार का अधिक सक्रियता से प्रचलन चिन्ताजनक है। ऐसी स्थिति में शीर्ष राजनेता राजनीतिक शिष्टता एवं लोकतांत्रिक मर्यादा में अपना योगदान कैसे दे सकते हैं? यह प्रश्न समूचे विपक्ष के साथ कांग्रेस के राहुल गांधी को लेकर व्यापक चर्चा में है। किसी को कुछ भी कह देना और यहां तक अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना गैर जिम्मेदाराना हरकत ही नहीं स्वयं को अति विशिष्ट समझने की अहंकारी मानसिकता भी है, जो एक बड़ी राजनीतिक विसंगति बनती जा रही है। सार्वजनिक जीवन में ऐसी सामंती मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। इसीलिये सूरत की एक अदालत की ओर से आपराधिक मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी संसद सदस्यता भी चली गयी है। यह एक बड़ी राजनीतिक घटना है, इस तरह की सजा सुनाया जाना राजनीति के अहंकार को पाले लोगों के लिये एक सबक है, एक सन्देश है। यह विचित्र है कि कांग्रेसजन राहुल गांधी का बचाव करते हुए न्यायिक प्रक्रिया पर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। इससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। भारतीय राजनीति में सभी स्तरों पर आदर्शहीनता, मूल्यहीनता व अभद्र वचनों की वाचाल आंधी चल रही है, जो नई कोपलों के साथ पुराने वट-वृक्षों को भी उखाड़ रही है। मूल्यों के बिखराव के इस चक्रवाती दौर में भारतीय राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। अब नायक नहीं बनते, खलनायक सम्मोहन पैदा कर रहे हैं। पर्दे के पीछे शतरंजी चाल चलने वाले मंच का संचालन कर रहे हैं। कइयों ने तो यह नीति अपना रखी है कि गलत करो और गलत कहो, तो हमें सब सुनेंगे। हम खबरों में रहेंगे। बदनाम हुए तो क्या हुआ, नाम तो हुआ। अब शब्दों की लीपा-पोती एवं गलत बयानबाजी की होशियारी से सर्वानुमति बनाने का प्रयास नहीं होना चाहिए, क्योंकि मात्र शब्दों एवं बयानों की सर्वानुमति किसी एक गलत शब्द के प्रयोग से ही पृष्ठभूमि में चली जाती है। यह रोज सुनते हैं और राहुल गांधी प्रकरण में समूचा राष्ट्र इसे देख रहा है। अपनी सजा पर राहुल गांधी के यह कहने का कोई मतलब नहीं कि सत्य मेरा भगवान है। महात्मा गांधी के इस कथन का उल्लेख करना इसलिए व्यर्थ है, क्योंकि उन्हें जिस बयान के लिए मानहानि का दोषी पाया गया, उसका सत्य से कोई लेना-देना नहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने के लिए ललित मोदी, नीरव मोदी का उल्लेख करते हुए यह जो कहा था कि सारे मोदी चोर क्यों होते हैं, वह हर दृष्टि से एक अपमानजनक और अभद्र बयान था, जिससे एक जाति-विशेष के लोगों का आहत होना स्वाभाविक है। निश्चित ही राहुल गांधी का पूर्वाग्रह, आग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त, राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित पिछले लोकसभा चुनाव के अवसर पर उनकी ओर से दिया गया यह बयान एक जाति विशेष के लोगों के प्रति उनकी दुर्भावना का परिचायक था। यही कारण रहा कि उन्हें मानहानि का दोषी पाया गया। राहुल गांधी को यह आभास होना चाहिए था कि वह अपने बयान से एक जाति के लोगों को लांछित एवं अपमानित कर रहे थे। किसी राजनीतिक दल का सर्वेसर्वा होने का अर्थ यह कदापि नहीं कि वे किसी को भी कुछ भी कह दे। भले ही वह कांग्रेस के बड़े नेता हैं लेकिन इसका यह भी अर्थ नहीं हो सकता कि संभलकर बोलना छोड़ दें और जो मन में आए, बोल दें। समस्या यह है कि वह ऐसा ही करते रहते हैं और इसी कारण रह-रहकर आलोचना और विवाद का केंद्र बनते रहते हैं। राहुल गांधी जैसे राजनेताओं के कारण पूरी भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनुशासन, शालीनता, शिष्टता एवं मर्यादा की आदर्श पृष्ठभूमि बन ही नहीं रही है। ऐसे में नई पीढ़ी के बारे में, जो नये विश्व का आधार है, कोई आदर्श सोच पनप नहीं पा रही है, उनके लिये कोई आदर्श पदचिन्ह स्थापित नहीं कर पा रहे हैं अगर कोई प्रयास कर भी रहा है तो वह गर्म तवे पर हथेली रखकर ठण्डा करने के प्रयास जैसा है।

CMYK

# अरविंद कुमार बने सीएम के औद्योगिक सलाहकार

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कैडर के वर्ष 1988 बैच के आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार को सीएम योगी आदित्यनाथ का औद्योगिक सलाहकार बनाया गया है। अरविन्द कुमार हाल ही में अपर मुख्य सचिव (औद्योगिक विकास) के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अब उन्हें अगले एक वर्ष के लिए मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है। बुधवार को यह जानकारी अपर मुख्य सचिव (नियुक्ति) डॉक्टर देवेश चतुर्वेदी ने दी। अपर मुख्य सचिव डॉ.देवेश चतुर्वेदी की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि राज्य के



त्वरित अवस्थापना और औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को औद्योगिक क्षेत्र में सलाहकार की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार में एक बिना संवर्ग वाला पद सृजित किया गया। जिस पर वर्ष 1988 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अफसर अरविंद कुमार को नियुक्ति देने की अनुमति राज्यपाल से मांगी गई थी। राज्यपाल ने इस नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। अरविंद कुमार 29 फरवरी 2024 तक मुख्यमंत्री के औद्योगिक सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

आपको बता दें कि अरविंद कुमार को मुख्यमंत्री का काफी नजदीकी माना जाता है व उनके सलाहकार नियुक्त किये जाने की चर्चा रिटायरमेंट से पहले ही अफसरों के बीच शुरू हो गई थी। दरअसल ये अरविंद कुमार को यूपी के वैश्विक निवेशक सम्मेलन के शानदार आयोजन और उसमें 33.50 लाख करोड़ रुपये निवेश के एमओयू के इनाम के रूप में भी देखा जा रहा है।

# पुलिस को लगा दिया करोड़ों का चूना

## मिली नोटिस तो खड़े हुए कान, दर्ज की एफआईआर

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अमेठी में पुलिस को ही करोडों का चूना लगा दिया गया। यहां एक भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस को चूना लगा दिया। उसने पुलिस लाइन के निर्माण के लिए पुलिस विभाग को दो करोड़ रुपये की जमीन बेची थी। सौदा निपट गया इसके बाद एक दिन पुलिस के पास एक नोटिस आई, नोटिस देख अधिकारियों के होश उड़ गये। मिली जानकारी के मुताबिक अमेठी के ओम प्रकाश मिश्रा उर्फ प्रकाश मिश्रा की एक



जमीन गौरीगंज तहसील के चौहानपुर गांव में थी। पुलिस विभाग को अमेठी में पुलिस लाइन के निर्माण के लिए जमीन की जरूरत थी, प्रकाश मिश्रा की जमीन पसंद आई और डील फाइनल हो गई। प्रकाश ने जमीन करीब दो करोड़ रुपये में पुलिस विभाग को बेच दी। बाद इसके पुलिस विभाग के पास एक नोटिस आई, तब पता लगा कि ओमप्रकाश ने विभाग को 78 लाख का चूना लगा दिया। ये नोटिस रिकवरी खातिर जारी हुई है जिसमें लिखा है कि पहले प्रकाश मिश्रा ने अपनी इस जमीन को बैंक के पास गिरवी रखकर 78 लाख रुपए का लोन लिया था। जांच पड़ताल हुई तो पता लगा कि ओमप्रकाश ने फर्जी कागजातों की मदद से पुलिस के नाम पर जमीन का बैनामा कर दिया था।अमेठी के एसपी के मुताबिक प्रकाश मिश्रा ने जालसाजी की है और उनके खिलाफमामला दर्ज किया गया है। उनके मुताबिक श्चौहानपुर गांव में स्थित जमीन का प्रकाश मिश्रा ने 27 जुलाई 2017 को बैनामा कराया था। जमीन बेचने से पहले बैंक ऑफ इंडिया से 78 लाख रुपये का कर्ज भी लिया था और जमीन बैंक के पास गिरवी रखी हुई थी।रजिस्ट्री के दौरान प्रकाश मिश्रा ने इस बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी थी।अमेठी पुलिस ने जमीन के बदले प्रकाश को एक करोड़ 97 लाख रुपये भुगतान किए थे। मामला तब सामने आया, जब तीन जनवरी को ऋण वसूली ट्रिब्यूनल, इलाहाबाद का वसूली नोटिस आया।अमेठी के एसपी के मुताबिक पुलिस लाइन अमेठी में रिजर्व पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर 24 मार्च को प्रकाश मिश्रा के खिलाफआईपीसी की धारा 409 आपराधिक विश्वासघात, 419 प्रतिरूपण द्वारा धोखा, 420 धोखाधड़ी, 467 मूल्यवान सुरक्षा, वसीयत आदि की जालसाजी, 468 धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अमेठी जिले के बीजेपी अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा है कि प्रकाश मिश्रा एक पार्टी कार्यकर्ता हैं और उनके खिलाफमामला दर्ज किया गया है। कानून अपना काम करेगा और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी।

# यूपी सरकार के छह साल पूरे होने पर पूर्व मंत्री स्वाती ने लगवाया शिविर, डेढ़ हजार महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, लखनऊ। यूपी सरकार के छह साल पूरे होने पर अंसल स्थित जीडी गोयनका स्कूल के परिसर में 'स्वाती फाउंडेशन' द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण का शिविर लगाया गया। इस अवसर पर विशिष्ठ लोगों को वामा सम्मान से सम्मानित किया गया। स्वाती फाउंडेशन द्वारा लगाये गये शिविर में एक हजार महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य था, लेकिन डेढ़ हजार से अधिक महिलाएं पहुंचीं। चौत्र नवरात्र की सप्तमी पर लगे इस शिविर में महिलाओं के समूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर



महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने कहा कि सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं की सामान्य परेशानी जो महामारी का रूप ले लेती है, उसे स्वाती ने समझाए इसके लिए स्वाती का साधुवाद करता हूं। इतनी संख्या में जो लोग आये हैं, उन्हें देखकर स्वाती के प्रति मेरा सिर गर्व से ऊंचा हो गया। विनोद कुमार शाही ने कहा कि महिलाएं पैदाइशी अध्यापक होती हैं। अशिक्षित महिलाएं भी आपको वह शिक्षा दे सकती हैं, जो पीएचडी से भी नहीं मिल सकती। यदि हम सिर्फ उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखें तो वह सबकुछ दे सकती हैं, जो कहीं नहीं मिल सकता। जहां पिता अध्यापक हों, वहां तो बच्चे ठीक कर सकते हैं, लेकिन जहां महिलाएं अध्यापक हों, वहां बहुत ठीक.ठाक होगा। स्वाती फाउंडेशन की अध्यक्ष और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर वक्त महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता करते हैं। प्रदेश में योगी सरकार के छह साल पूरे हुए हैं। इस कारण महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता कर यह इस शिविर का आयोजन किया गया है। स्वाती सिंह ने कहा कि एक नारी की वेदना क्या हो सकती है, इसे मैं बेहतर ढंग से जानती हूं। इस कारण हर वक्त जितना हो सके मैं महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता करती रहती हूं। आगे भी करती रहूंगी। यह मेरे लिए राजनीति का केंद्र नहीं है, यह समर्पण का भाव है। इसके लिए जो भी कर सकती हूं, वह मुझे कम लगता है।

# रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में स्टाफ नर्स के साथ तीमारदार ने की अभद्रता व मारपीट

संवाददाता

लखनऊ। रानी लक्ष्मीबाई राजकीय संयुक्त चिकित्सालय राजाजीपुरम् व आस-पास के साथ दूर-दराज के क्षेत्रों के मरीजो के लिये अपनी उत्कृष्ठ सेवाओं के लिये काफी प्रसिद्ध है। यहां मरीजो की काफी भीड़ बनी ही रहती है। भीड़ के दबाब के चलते यहां पर आये मरीजों के साथ उनके तीमारदार काफी अभद्रता से पेश आने की शिकायते काफी आम हो रही है। आज सुबह मामला यहां तक बढ़ गया कि लेबर रूम में आयी महिला मरीज के तीमारदार में स्टाफ नर्स



के साथ मारपीट की और अभद्रता की। अपने मरीज को जल्दी देखने की जिद कर रही महिला तीमारदार ने मरीज का बीपी नाप रही स्टाफ नर्स रागिनी देवी के साथ मारपीट की। मामला बढ़ने पर सीएमएस ने हस्तक्षेप किया तो उन्ही के सामने तीमारदार ने नर्स के साथ काफी अभद्रता की। इससे नाराज स्टाफ नर्स ने तीमारदार के खिलाफलिखित शिकायती पत्र सीएमएस को दिया। वही सीएमएस ने इस मामले की एफआईआर थाना तालकटोरा में लिखाने की बात की। इस घटना से आरएलबी के स्वास्थ्यकर्मियों में काफी रोष व्याप्त है। वही इन्सपेक्टर तालकटोरा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। मामला सामने आते ही नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। आरएलबी की चिकित्सा अधीक्षक ने स्टाफ नर्स के साथ हुयी घटना का दुखद बताया। उन्होने स्टाफकी सुरक्षा की मांग भी की।

# गन्ना खेती में यंत्रीकरण वर्तमान समय की आवश्यकता : डॉ. विजय पॉल शर्मा

संवाददाता

लखनऊ। डॉ. विजय पॉल शर्मा, अध्यक्ष,कृषि लागत एवं मूल्य आयोग,कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय,भारत सरकार ने गन्ना किसानों की आय में वृद्धि करने हेतु गन्ने के उत्पादन व चीनी परता बढ़ाने के साथ-साथ इसकी उत्पादन लागत घटाने के विकल्पों पर प्रकाश डालते हुए मानव श्रम के अंश को उत्पादन लागत का सबसे बड़ा योगदानकर्ता बताते हुए गन्ना खेती के यंत्रीकरण पर बल दिया। डॉ. शर्मा इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन तथा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में गन्ना खेती में यंत्रीकरणदृ चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर आईआईएसआर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधन कर रहे थे। डॉ. शर्मा ने गन्ना कटाई में सबसे अधिक श्रमिकों के प्रयोग होने के बावजूद किसानों को बुवाई पूर्व खेत की तैयारी से लेकर गन्ना कटाई तक की सभी कृषि क्रियाओं को यंत्रीकरण के सम्पूर्ण पैकेज देने तथा सहकारी समितियों तथा कृषक उत्पादक संघों के द्वारा इनका प्रचार-प्रसार करने,फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना करने एवं कस्टम हायरिंग द्वारा कम लागत पर यंत्रीकरण के प्रयोग द्वारा गन्ना किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया।श्री संजय आर. भूसरेड्डी,अपर मुख्य सचिव, गन्ना एवं चीनी विभाग, उत्तर प्रदेश सरकारने उत्तर प्रदेश में गन्ना के अंतर्गत क्षेत्र, उत्पादन एवं उत्पादकता एवं चीनी उत्पादन व चीनी परता में हुई उल्लेखनीय प्रगति की चर्चा करते हुए गन्ना कृषि के यंत्रीकरण में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के योगदान की प्रशंसा करते हुए बताया कि वर्ष 2018-19 में प्रदेश में फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना दो ट्रेश मल्चर तथा एक पेड़ी प्रबंधन यंत्र के साथ की गई थी परंतु आज प्रत्येक बैंक में 12-13 प्रकार की 33 मशीनें उपलब्ध हैं। श्री भूसरेड्डी ने उर्वरकों तथा कीटनाशी रसायनों पर होने वाले खर्च को बचाने के लिए सिंचाई की ड्रिप प्रणाली अपनाने के लिए गन्ना किसानों का आह्वान करते हुए प्रदेश में मेकेनिकल हार्वेस्टर द्वारा गन्ने की कटाई को प्रोत्साहन देने के लिए प्रचलित पर्ची प्रणाली को परिवर्तित करके क्लस्टर कटाई पर बल दिया। सुबोध कुमार सिंह, अपर सचिव (शर्करा), खाद्य मंत्रालय, भारत सरकार ने पहले चीनी उत्पादन के चक्रीय प्रकृति की चर्चा करते हुए कहा कि गत 5-6 वर्षों से भारत में चीनी उत्पादन सतत रूप से बढ़ रहा है तथा गत कुछ वर्षों से भारत चीनी का निर्यात भी कर रहा है। श्री सिंह ने भारत में गन्ने की केवल 4 फीसदी कटाई मेकेनिकल हार्वेस्टर द्वारा होने पर चिंता जताते हुए गन्ना किसानों की आय में वृद्धि हेतु गन्ना खेती में यंत्रीकरण की आवश्यकता बताई तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी के निर्यात हेतु गन्ना एवं चीनी की उत्पादन लागत में कमी करने पर बल दिया।डॉ. आर. विश्वनाथन, निदेशक, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ ने अपने उदबोधन में संस्थान द्वारा विकसित गन्ने की खेती के यंत्रीकरण हेतु गन्ने की बुवाई, निराई-गुड़ाई, मिट्टी चढ़ाने का कार्य, कीटनाशकों का छिड़काव, कटाई एवं पेड़ी प्रबंधन हेतु विभिन्न प्रकार के यंत्रों के विकास के बारे में चर्चा करते हुए गन्ना किसानों से इनको अपनाकर गन्ना खेती की लागत को कम करके आय में वृद्धि करने की सलाह दी।

# गोमतीनगर विस्तार में चला एलडीए का बुलडोजर

## होटल-अपार्टमेंट समेत तीन अवैध निर्माण सील

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में अवैध निर्माण पर एलडीए का अभियान जारी है। मंगलवार को गोमती नगर विस्तार में जहां अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। वहीं तीन अवैध निर्माण को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अशोक कुमार यादव व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के बक्कास के दुलारमऊ में लगभग 2 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।

इसके अलावा प्रेम नारायण व अन्य द्वारा दुलारमऊ के खसरा संख्या-662 पर लगभग 3 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसके अतिरिक्त अंकुर वर्मा, गोपाल व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के कासिम पुर, बिरूहा में लगभग 4 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। तीनों के खिलाफ स्व। के विहित न्यायालय में वाद योजित था। लेकिन नक्शा पास न होने की वजह से यह कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि राजेन्द्र प्रसाद पांडेय की तरफ से अर्जुनगंज के ग्राम-सरसवां में जीआरएस मेमोरियल स्कूल एवं जनरल हॉस्पिटल के सामने लगभग 14000 वर्ग फिट क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अवैध रूप से अपार्टमेंट का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उसको भी सील कर दिया गया है। इसके अलावा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में भूखण्ड संख्या-4/779 पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत आवासीय भवन मानचित्र के



विपरीत सेट बैक प्रभावित करते हुए बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल, तृतीय तल तथा चतुर्थ तल पर अस्थायी टीन शेड का निर्माण कराते हुए व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। उसको भी सील कर दिया गया है। गोमती नगर के विभव खण्ड में भूखण्ड संख्या-1/158 पर लगभग 115.50 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल का निर्माण कराकर होटल साईं इन ओयो के संचालन को सील कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएचयू में 14 घंटे खुलेगा आयुष्मान काउंटर, व्यवस्था एक अप्रैल से होगी लागू

संवाददाता, लखनऊ। वाराणसी के बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में स्थित सर सुंदरलाल अस्पताल ने आयुष्मान कार्ड धारकों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। इस अस्पताल में इलाज कराने के लिए आने वाला आयुष्मान कार्ड धारकों को राहत मिलेगी। अस्पताल में आयुष्मान काउंटर अब 14 घंटे खुला रहेगा। नई व्यवस्था एक अप्रैल से लागू की जाएगी। अस्पताल में आयुष्मान का ओपीडी काउंटर दो शिफ्ट में चलेगा। पहले काउंटर सिर्फ 7 घंटे तक ही खुलता था।बीएचयू अस्पताल में ये नई व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होने जा रही है। पहले यह काउंटर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक ही खुलता था, जिसकी वजह से कई बार मरीजों को देर हो जाने की वजह से बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ता था, लेकिन अब ये काउंटर सुबह सात बजे से खुलेगा और रात नौ बजे तक खुला रहेगा। दो शिफ्ट में इस काउंटर में कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

### लखनऊ विश्वविद्यालय 109वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस की करेगा मेजबानी

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 109वें वार्षिक सत्र की मेजबानी के लिए चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा है। भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन द्वारा प्रदान की गई इस विशाल जिम्मेदारी के लिए हमें बहुत गर्व और खुशी है। यह विशाल वैज्ञानिक वैश्विक कार्यक्रम 3 व 7 जनवरी (2024) तक आयोजित किया जाएगा।इस सम्मेलन में दुनिया भर से कम से कम 20 हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसमें विश्व के कई नोबल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिक भी प्रतिभाग करेंगे।

### डॉ संजय कुमार निषाद ने मत्स्य विकास निगम लिमिटेड का किया निरीक्षण

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने यूपी मत्स्य विकास निगम लिमिटेड के निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फील्ड में तैनात और विभागीय कार्यो के दृष्टिगत बाहर गये अधिकारियों और कर्मचारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी यथा लोकेशन की जानकारी ली। साथ ही अनुपस्थित कर्मचारियों को सख्त हिदायत के साथ उनके प्रति आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश भी दिया। कर्मचारियों के लिए नए दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि कर्मचारियों और अधिकारियों को घर से अब फील्ड में नही भेजा जाएगा, ऑफिस आने के बाद उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर कर ही फील्ड में भेजा जाएगा। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया और अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश भी दिया।

# डी-फार्मा के छात्र ने लगाई फांसी

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ के मोहनलालगंज में डी-फार्मा के प्रथम ईयर के छात्र ने सुसाइड कर लिया है। उसका शव कमरे के अंदर फंदे पर लटकता मिला है। शव के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। छात्र ने सुसाइड नोट के जरिए अपने परिजनों से माफी मांगी है। छात्र आशुतोष श्रीवास्तव (22) ने सुसाइड नोट में लिखा, मुझे लगता है कि मैं कुछ नहीं कर पाऊंगा। मम्मी पापा के सपनों को साकार नहीं कर पाऊंगा3मुझे माफ करना4। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर पुलिस हैंडराइटिंग मैच करा रही है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के



मुताबिक, डी फार्मा का छात्र आशुतोष श्रीवास्तव गोंडा के छपिया चारू का रहने वाला था। उसके पिता बृजेश श्रीवास्तव निजी कंपनी में काम करते हैं। अभिषेक मोहनलालगंज के गौरा गांव में किराये के मकान में रहता था। यहीं से एक निजी कॉलेज से डी-फार्मा का प्रथम वर्ष का छात्र था। अभिषेक के दोस्तों के मुताबिक, इस समय कॉलेज में परीक्षा चल रहे हैं। सोमवार को भी एग्जाम था। सुबह सभी दोस्त कॉलेज पहुंचे, लेकिन अभिषेक नहीं आया। उसे फोन किया गया तो कॉल रिसीव नहीं कर रहा था। फिर हमने परीक्षा दी और शाम को उसके कमरे पर पहुंचे। कई बार आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद दोस्तों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। अभिषेक के रिस्पॉन्स ना करने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। कमरे के अंदर अभिषेक का शव लटकता पाया गया। इंस्पेक्टर के मुताबिक, दरवाजा तोड़ा तो आशुतोष पंखे से दो गमछों के सहारे लटका हुआ था। शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों को भी सूचित किया गया है। उसका परिवार गोंडा में रहता है। परिजन लखनऊ आने के लिए गोंडा से रवाना हो चुके हैं। अभिषेक के कमरे में बेड के पास से सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा, ष्आई एम वेरी सॉरी एवरी वन...सारी भईया, सॉरी मम्मी-पापा। मुझे लगता है कि मैं कुछ नहीं कर पाऊंगा, मम्मी-पापा के सपनों को साकार नहीं कर पाऊंगा, मुझे माफ करना, जिनको मैं अच्छा नहीं लगता उनकी भी टेंशन दूर हो जाएगी। पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट से लगता है कि अभिषेक पढ़ाई को लेकर तनाव में था। उसके दोस्तों से पूछताछ की गई। उन लोगों ने बताया कि उसके पेपर अच्छे नहीं जा रहे थे।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा आत्म सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण को लेकर अभियान निकाला गया

संवाददाता, लखनऊ। मिलिट्री, पैरामिलिट्री और पुलिस बलों के वीर जवानों के बलिदानों के कारण देश, ना केवल बाहर के दुश्मनों से लेकिन देश के अंदर के असामाजिक तत्वों से भी सुरक्षित है। ब्रह्माकुमारीज के सुरक्षा सेवा प्रभाग ने आत्म सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण नामक एक विशेष अभियान निकाला है। अभियान उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, जम्मू, उत्तराखंड, असम प्रदेशों में भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना सीआरपीएफ सीआईएसएफ एनडीआरएफ, एसएसबी, एनसीआरबी, बीएसएफ राज्य व जेल पुलिस, आईटीबीपी के सुरक्षाबलों को लाभान्वित करेगा। उत्तर प्रदेश में इस अभियान की शुरुआत आगरा से, मार्च प्रारंभ में हुई और विभिन्न जनपदों से होते हुए लखनऊ पहुंचा। लखनऊ में भी इसी अभियान के अंतर्गत आरपीएफ ट्रेनिंग अकैडमी, फायर डिपार्टमेंट, एयर फोर्स, आर्मी मेडिकल एवं सीआरपीएफ आदि विभागों में प्रशिक्षण दिया गया। अभियान का समापन, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ में निर्माणाधीन ब्रह्मकुमारीज रिट्रीट सेंटर गुलजार उपवन में हुआ। समापन समारोह में मधुबन, माउंट आबू से आए दीपक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य सुरक्षाबलों को आंतरिक रूप से सशक्त करने का है, आंतरिक सशक्तिकरण ही वर्तमान समय की अनेक चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने की सही विधि है।

# बिजली कर्मचारियों के समर्थन में राज्य कर्मचारी

- ❑ हड़ताल की वजह से हुई कार्रवाई को वापस लेने की मांग
- ❑ कर्मचारी संगठनों ने सरकार को 2 अप्रैल तक का समय दिया

संवाददाता

लखनऊ। बिजली कर्मचारियों के समर्थन राज्य, निकाय और निगम कर्मचारी भी सामने आ गए है। मंगलवार को पूरे प्रदेश में कर्मचारी जिला स्तर पर इसको लेकर प्रदर्शन किया। दावा किया जा रहा है कि बिजली कर्मचारियों के समर्थन में प्रदेश के 18 लाख राज्य, निकाय, निगम के संविदा और नियमित कर्मचारी खड़े हो गए है। लखनऊ में बीएन सिंह की प्रतिमा पर धरना देते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अब यह पूरे प्रदेश के कर्मचारी नेताओं में अस्तित्व बचाने की लड़ाई है। यह अब कर्मचारी आंदोलन को बचाने की लड़ाई है और इसको अगर नहीं रोका गया तो पूरे प्रदेश में कर्मचारी





चक्का जाम करने को मजबूर हो होंगे। यहां तक कहा गया कि बिजली कर्मचारियों के खिलाफहुए कार्रवाई को जल्द नहीं हटाया गया तो प्रदेश के राज्य, निकाय और निगम कर्मचारी बिजली कर्मचारियों के समर्थन में कार्य बहिष्कार कर सकते हैं। इसको लेकर कर्मचारियों का एक संयुक्त मंच तैयार कर लिया है। मंच के संयोजक अमरनाथ यादव ने बताया कि बिजली कर्मियों के उत्पीड़न के विरोध में प्रदेश के सभी कर्मचारी महासंघ और कर्मचारी संयुक्त परिषद एक साथ आ गए हैं। अब पूरे प्रदेश में 28 मार्च को जिला स्तर पर दो घंटे का धरना होगा। उसके बाद भी हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने को विवश होगा। हरि किशोर तिवारी, सतीश पाण्डेय, शशि कुमार मिश्र, एसके रावत, एसपी तिवारी, राम राज दुबे, मनोज मिश्र, रमेन्द्र श्रीवास्तव, कमल अग्रवाल, गिरीश चन्द्र मिश्र, हरि शरण मिश्र, रिंकू राय, संयोजक अमरनाथ यादव एवं सह संयोजक कमलेश मिश्र, रेनू शुक्ल, राममूर्ति यादव और संरक्षक वीपी मिश्र जैसे अलग-अलग संवर्ग के कर्मचारी नेता प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद रहे। धरने में उमाशंकर मिश्र, चन्द्रशेखर, प्रेम नाथ राय, दिलीप श्रीवास्तव, शिवबरन यादव, राम भजन मौर्य, बीएल कुशवाहा, आशीष यादव, रामसेवक शुक्ला, वाईएन उपाध्याय, जीएन सिंह, उदय नाथ सिंह, सुरेश सिंह यादव, राम कुमार धानुक, रीना त्रिपाठी, अमित खरे, कर्मेन्द कुमार, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, हेमन्त खड़का, बंशीधर मिश्र, आफिक्र सिद्दीकी, सुनील यादव, आरपी निगम, एसपी सिंह, नीरजपति त्रिपाठी समेत कई नेता शामिल रहेंगे।

CMYK

# बालाजी सरकार मंदिर परिसर में देर रात गिराई गई हरी लकड़ी, क्षेत्र में चर्चा का विषय

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली अंतर्गत हलोर क्षेत्र किसी न किसी बात को लेकर हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। चाहे शराब का अवैध कारोबार हो या गाजा का कारोबार आए दिन किसी न किसी बात को लेकर अखबार की सुर्खियों में बने रहना एक आम बात हो गई है। इन दिनों अवैध लकड़ी की कटान को लेकर अपना वजूद बरकरार रखे है। ऐसा लग रहा है कि हल्का नंबर 1 हर गलत कार्य करने वालों के लिए सबसे सुरक्षित क्षेत्र है। वर्तमान में लकड़ी की कटान बहुत तेजी से चल रही है। क्षेत्रीय पुलिस चंद्र रुपयों के लालच में सांठगांठ कर हरे पेड़ों को लकड़ी माफ्यिाओं से कटवाकर पर्यावरण का विनाश कर रही है। आप को बता दें कि हरे महुवा की नंबर दो की हरी लकड़ी गांव के श्रीबालाजी सरकार मंदिर परिसर में कल रात में गिराई गई है। सवाल इस बात का है की स्थानीय पुलिस प्रशासन और वन विभाग लकड़ी कटाई के विषय में अपने आप में पाक–साफ बन रहा रहा है तो फिर यह महुवा की हरी लकड़ी आई कहाँ से? क्या इसका उत्तर है किसी के पास शायद नहीं। यह एक गंभीर विषय है यदि पुलिस और वन विभाग इस से अनजान है तो उन्हें अविलंब हलोर क्षेत्र के लकड़ी माफ्यिाओं पर अंकुश लगाना चाहिए।

# कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी दबंग कर रहे निर्माण

## पुलिस ने हिदायत देकर रुकवाया काय

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



हरदोई शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी दबंग गुंडई की दम पर निर्माण कार्य करवा रहे थे।सूचना पर कोतवाली पुलिस ने हिदायत देकर निर्माण कार्य रुकवा दिया है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला मौखेल निवासी अनवर इरशाद ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है मौखेल में ही माता के नाम घर और कुछ दुकानें हैं।हम भाइयों का अभी बटवारा भी नहीं हुआ है।बड़े भाई दिमाग से अस्वस्थ हैं उनका इलाज चल रहा है विपक्षी लईक निवासी बुध बाजार ने बड़े भाई को बहला फुसलाकर कर किराया नामा बताकर एक दुकान का बैनामा दिसंबर 2022 में करवा लिया है।जिसे खारिज कराने का वाद हरदोई न्यायालय में विचाराधीन है।जिसकी पेशी 17 अप्रैल को है जिसमे विपक्षियों को पेश होकर अपनी बात कहनी है।बुधवार को विपक्षी लईक गुंडों को साथ लेकर दबंगई से दुकान निर्माण करवा रहे थे।कोतवाली शाहाबाद पुलिस ने विपक्षियों को हिदायत देकर निर्माण कार्य को रूकवाया है।प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद ने बताया कि प्रार्थना पत्र दिया गया है दोनों पक्षों को अपने कागजों के साथ बुलाया गया है जांचकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# कुत्तों के झुण्ड ने बन्दर पर किया हमला, गम्भीर घायल

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



महराजगं, रायबरेली। क्षेत्र के राजाकंशपुर चौराहे पर कुत्तों के झुण्ड ने एक बन्दर पर हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पशु चिकित्साधिकारी डा0 सुरेश चन्द्रा ने टीम के साथ पहुंचकर उसका इलाज किया और उसे वन विभाग को सुपुर्द कर दिया। बताते चलें कि बुधवार को सुबह अचानक कुत्तों के झुण्ड ने एक बन्दर पर हमला बोल दिया देखते ही देखते कत्तों ने बन्दर को काट–काट कर लहूलुहान कर दिया। आस पास के मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को भगा कर बन्दर की जान बचाई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पत्रकारों को दी जिसके बाद प्रेस क्लब अध्यक्ष आनन्द सिंह ने पशु चिकित्सक डा0 सुरेश चन्द्रा को जानकारी दी। टीम के साथ मौके पर पहुंचें चिकित्सक ने बन्दर का इलाज किया। मामले में पशु चिकित्सक डा0 सुरेश चन्द्रा ने बताया कि बन्दर का इलाज कर उसे नियमानुसार वन विभाग शिवगढ़ के कर्मी श्याम बाबू को सुपुर्द कर दिया गया है वहीं श्याम बाबू ने बताया कि घायल बन्दर को इलाज के लिए महराजगंज नर्सरी में रोका गया है। हालत स्थिर न होने की स्थिति में कल उसे वन विभाग बछरावां स्थानान्तरित कर दिया जायेगा।

# वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम त्रिपाठी नेक इंसान जुझारू थे : गुफरान कौसर

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



हरदोई शाहाबाद वरिष्ठ पत्रकार एवं जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रहे राधे श्याम त्रिपाठी एक नेक दिल और जुझारू कांग्रेसी थे।उनके असामायिक निधन पर नगर के कांग्रेस जनों एवं नगर के वाशिंदों ने भाव पूर्ण दुखी ह्रदय से श्रद्धांजलि दी, एवं उनके जीवन में घटित घटनाओ को याद किया गया।इस अवसर पर कांग्रेस पीसीसी सदस्य गुफ्रान कौसर ने कहा कि त्रिपाठी जी अपनी उम्र के इस पड़ाव में भी कार्य करने की अद्भुत क्षमता थी।उन्होंने अपनी दम पर शाहाबाद समाचार के नाम से साप्ताहिक अखबार निकाला और चला कर भी दिखाया।कांग्रेस के लिए उनकी निष्ठा को हम सभी नमन करते हैं।श्रद्धांजलि सभा में सभी लोगो ने उनकी सादगी भरी जीवन शैली को याद किया। इसके उपरांत उनके चित्र पर पुष्पांजलि देकर उनको श्रद्धांजलि दी गई तदोपरान्त दो मिनट का मौन रख कर सभी ने उनको याद किया, डॉ इक्तेदार खां के आवास पर श्रद्धांजली अर्पित करने वालों में लक्ष्मी प्रकाश मिश्रा, कमलेश रस्तोगी, अजहर यार खां, गुफ्रान कौसर पीसीसी मेंबर, वारिस अली खां, शवीना बेगम, रूबी बेगम, विनोद गुप्ता, माया देवी, सुरेश वर्मा, इरफान अंसारी, बबलू खां आदि लोगो ने दु:ख ब्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से प्रार्थना की कि इस संकट की घड़ी में परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें और उनकी आत्मा को शांति दे।

# पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



ऊँचाहार,रायबरेली। पूरे किशुनी मजरे अरखा गांव के पास जंगल में चार युवक गोकशी कर रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हत्या करने वाले चापड़ के साथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं तीन अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से भाग निकले। पुलिस अन्य फरार लोगों की तलाश कर रही है। उक्त गांव के पास एनटीपीसी परियोजना द्वारा राख निस्तारण केंद्र बनाया गया है। जिसके पास सूनसान घने जंगल हैं। ग्रामीण राकेश मिश्र, धीरज, नीरज आदि का कहना है कि इन घने सुनसान जंगलों का फायदा उठाते हुए गौतस्कर गोवंशों को लाकर उनकी हत्या कर मांस ले जाकर उसकी विक्री करते हैं। मंगलवार को आधी रात के करीब इसी जंगल में चार लोग एक गोवंश की हत्या कर रहे थे। तभी इसकी भनक ग्रामीणों को लग गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। और सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाल बालेंदु गौतम ने टीम के साथ मौके पर पहुंच एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। लेकिन वहीं अंधेरे का फायदा उठाते हुए उसके तीन अन्य साथी मौके से भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने रात में ही गोवंश के शव को गड्ढा खुदवा कर शव को निस्तारित करा दिया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि गोकशी के मामले में पूरे किशुनी गांव निवासी अकबर अली को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### घिसियावन दास कुटी पर धूमधाम से मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के गंगा पुर स्थित बाबा घिसियावन दास कुटी पर राम नवमी के अवसर पर धूमधाम से मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव। जन्मोत्सव के बाद भव्य भण्डारे का भी आयोजन किया गया है। जन्मोत्सव की जानकारी देते हुए कुटी के महंत राम बचन दास ने कहा कि वर्षों से चौत्र मास की रामनवमी को कुटी पर राम जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसके बाद आयोजित भव्य भण्डारे में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### श्री राम मंदिर प्रतिरूप शोभा यात्रा की तैयारिया हुई पूर्ण

संवाददाता, हरदोई। शाहाबाद श्री राम मंदिर अयोध्या की प्रतिरूप शोभा यात्रा आज नगर में बड़ी धूमधाम से निकाली जाएगी।जिसके लिए आयोजकों ने वृहद स्तर पर अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।शोभा यात्रा के आयोजक सुनील गुप्ता मंदिर वाले ने बताया कि हमारे पूर्वजों ने मेरे घर के पास ही राम मंदिर का निर्माण करवाया था।तब से अनवरत हर रामनवमी पर मंदिर पर श्री राम का प्राकट्य दिवस मनाया जाता है।इस बार राम मंदिर की प्रतिरूप शोभायात्रा विशाल रूप से निकाली जाएगी।जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।शोभायात्रा सरदार गंज चौकी से शुरू होकर कटरा चौक घंटाघर घासमंडी तिराहा गुलाब बैंड चौराहा सहित नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी।जिसका समापन राम जी के मंदिर दिलेरगंज पर होगा।

### फसल की सिंचाई कर रहे युवक की सर्प दंश से हालत गम्भीर, भर्ती

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। खेत में फसल की सिंचाई कर रहे युवक को सांप ने काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, परिजनों की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला क्षेत्र के गांव पूरे लोधन मजरे अकोढ़िया का है, जहां गाँव निवासी सुरेश वर्मा 24 वर्ष बुधवार की दोपहर बाद खेत में फसल की सिंचाई कर रहा था, इसी दौरान उसके पैर में सांप ने काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, जानकारी होने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि युवक को सांप ने काटा था, जिसका उपचार किया जा रहा है।

### एमसीएफमें इनोवेशन करने वाले होगें पुरस्कृत–महाप्रबंधक

संवाददाता, रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक श्रीप्रशान्तकुमार मिश्रा ने कोचों के निर्माण में लगे हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक इनोवेशनस्कीम लागू की है, जिससे कोच उत्पादन में नई–नई तकनीकों एवं गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा। वहींलग्नशीलएवं प्रतिभावान लोगों को सम्मान मिलेगा। महाप्रबंधक महोदय ने अपनेसंदेशमें कहा कि, आरेडिका सेल्फप्रोपेल्ड टाइप ट्रेनसेट कोचों जैसे इंटरसिटी, रैपिड मैट्रो कोच, वन्देभारत जैसे नए उन्नत तकनीकी के क्षेत्र मेंप्रवेशकरने के लिए तैयार हो रहा है। मैं आपके कार्य अनुभव और ज्ञान को नया आयाम देने के लिए तत्पर हूँ। एमसीएफ में एक इनोवेशन स्कीम लागू की जा रही है, जिसके तहत किसी भी कर्मचारीध्पर्यवेक्षकध्अधिकारी द्वारा किया गया कोई भी इनोवेशनजो व्यावहारिक हो और जिसके परिणाम स्वरूप यूनिट लागत में कमी, कोच के पूर्ण होने के समय में सुधार, विश्वासनीयतामें सुधार और रखरखाव में कमी आती है तथा जिससे यात्री सुविधा में बढ़ावा मिलता है, उसे उचित रूप से व्यक्तिगतध्सामूहिक नगद पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

### जगह–जगह हुआ रामायण पाठ, भक्ति भाव से गुंजायमान हो रहा है माहौल, राम जानकी मंदिर में एसडीएम ने कराई पूजा

संवाददाता, हरदोई । शासन के निर्देश पर तहसील सदर के अंतर्गत मंदिरों में जगह–जगह रामनवमी के एक दिन पूर्व रामायण पाठ प्रारंभ हुआ है। नगर के राम जानकी मंदिर में उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने पहुंचकर रामायण पाठ का शुभारंभ कराया। यहां उनके साथ तहसीलदार सदर प्रतीत त्रिपाठी के अलावा अन्य अधिकारी, तहसील के कर्मचारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य कई मंदिरों पर भी उन्होंने जाकर के श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ कराया। विकासखंड सुरसा के ग्राम खजुरहरा में फूलमती देवी मंदिर पर रामायण पाठ का आयोजन किया गया। महिलाओं ने यहां भक्ति गीत गाकर मां की महिमा का बखान किया। पिहानी के भूरेश्वर मंदिर में शासन की मंशा अनुसार रामायण पाठ का आयोजन किया गया। राम जानकी मंदिर में राम नवमी के अवसर पर गुरुवार को दोपहर 12 बजे प्रभु श्री राम का जन्म होगा। इससे पूर्व एक भजन माला आयोजित की जाएगी। मंदिर के मुख्य पुजारी मैथिलीशरण ने बताया कि भगवान के जन्म के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### लगभग आधा दर्जन वाहन हुए सीज

संवाददाता, हरदोई । बिना वैध दस्तावेजों के सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे डग्गामार वाहनों के खिलाफ आज अभियान चलाया गया है। सुबह से ही एआरटीओ दफ्तर के कर्मचारी अफसर के साथ सड़क पर मौजूद थे। इस दौरान तमाम डग्गामार वाहन जो बिना परमिट बिना फिटनेस आदि के धड़ल्ले से सवारियां भर रहे थे, उनको एआरटीओ ने सीज कर दिया है और उक्त वाहनों को सांडी थाने पर निरुद्ध कर दिया है। आज संडीला कस्बे में डग्गामार वाहन चलाने वालों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली।

सुबह ही यहां एआरटीओ विवेक कुमार कस्बे में बाईपास के पास जहां से डग्गामार वाहन सवारियों को बैठाते हैं और व्यवसाय कामों को अंजाम देते हैं, वहां पर अपनी टीम के साथ पहुंच गए। इसके बाद वहां एक के बाद एक डग्गामार वाहन सवारियों को भरने जा माल को लादने के लिए आ रहे थे।

# संचारी रोग अभियान की बैठक संपन्न

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



जौनपुर। विकास खण्ड धर्मापुर के शहीद हाल में बुधवार को प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संचारी रोग अभियान की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने कहा की एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक संचारी रोग अभियान और सत्रह अप्रैल से तीस अप्रैल तक दस्तक अभियान विकासखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में चलाया जाएगा , जिसके तहत ग्रामों में साफ सफाई और दवा का छिड़काव किया जाएगा तथा बैठकों व रैली के माध्यम लोगो को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सफाईकर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा की संचारी रोग अभियान में ग्रामों में साफसफाई में कोई शिकायत पाए जाने पर संबंधित सफाई कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। श्री श्रीवास्तव ने सभी सचिवों से कहा की पंचायत सहायकों और सामुदायिक शौचालय की देखरेख करने वाले स्वयं सहायता समूह का मानदेय समय से दें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड के अधीक्षक डॉ मनोज गौतम ने लोगों को दूषित पानी और अस्वच्छता से होने वाले संचारी रोग और उससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी। बीएमसी यूनिसेफशाहिद अली खान ने लोगों को रूटीन वैक्सिनेशन कराने का आह्वान करते हुए लोगो को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। पशु चिकित्सक डॉ धर्मेंद्र सिंह ने पशुओं से होने वाले संचारी रोग और उससे बचाव के उपाय बताए । एडीओ पंचायत लालजी राम ने प्रधानगण को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रधान अपने अपने ग्राम पंचायत में जलजमाव वाले स्थान पर आवश्यकतानुसार सोख्ता गड्ढा और नाली का निर्माण करा दें। इस अवसर पर ज्वाइंट बीडीओ सुबास चंद्र, एडीओ पंचायत लालजी राम, हेल्थ सुपरवाइजर गौरव श्रीवास्तव, सचिव अरविंद यादव, श्रुति गुप्ता, उमेश सोनकर, प्रधान नागेंद्र यादव, सुनील कनौजिया, अनिल यादव, घनश्याम गुप्ता, संजय मौर्य राजू, नीलकमल , पुष्पा सहित समस्त सचिव, प्रधान, सफाईकर्मी और पंचायत सहायक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र राय ने किया।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग घायल



स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

ऊँचाहार, रायबरेली। लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर तहसील गेट के सामने बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया ,जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने की कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्र के मुंडीपुर गाँव निवासी शिवमोहन शुक्ल 70 वर्ष बाइक से बुधवार की सुबह किसी कार्य से तहसील जा रहे थे, तभी गेट पर रायबरेली की तरफ जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, घटना में बुजुर्ग गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया, एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने समेत विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संघ संचालन समिति में महेश यादव व शिवहर्ष यादव विजयी

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। बुधवार को ऊंचाहार सहकारी संघ संचालन समिति का चुनाव कराया गया। जिसमें 225 मतदाताओं में 207 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चार बजे के बाद चुनावी परिणाम घोषित हुआ। जिसमें शिव हर्ष यादव तथा महेश कुमार यादव ने चुनाव जीता है। नगर स्थित साधन सहकारी संघ पर संचालन समिति के चुनाव को लेकर नामित 225 सदस्यों द्वारा मतदान शुरू किया गया। दो पक्षों के गहमागहमी के बीच मतदान चलता रहा।कुल 225 सदस्यों में से 208 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम करीब पांच बजे चुनावी परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें पूरे ललई मजरे अरखा निवासी महेश कुमार यादव ने 115 मत हासिल कर सर्वोच्च स्थान पर रहे। जमुनिया हार निवासी शिव हर्ष यादव ने 107 मत हासिल किए। अरखा के मिलन 94 तो पचखरा निवासी राकेश कुमार सिंह को 93 मत मिले। इस प्रकार से महेश कुमार यादव तथा शिव हर्ष यादव ने चुनाव जीता है। चुनाव के प्रभारी रहे एडीओ आईएसबी संजय सिंह यादव ने बताया कि महेश कुमार यादव व शिव हर्ष यादव को मतों के आधार पर विजई घोषित किया गया है।

# अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। सदर तहसील मे तैनाती के दौरान सुर्खियों में रहे तहसीलदार अभिनव पाठक की कार्यशैली से महराजगंज के अधिवक्ताओं में भी खासा आक्रोश व्याप्त है बुधवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। वही अधिवक्ताओं द्वारा बुधवार को आम सभा की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूर्व के अधिकारियों से किए गए समझौते के अनुसार लेखपाल के बयान व धारा 80 व धारा76 (1) व न्यायालय में दाखिल पत्रावलीयों में मांग पत्र आदि की पत्रावलीयों का पूर्ववत अनुपालन किए जाये दोनों बारो के दोनों उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह एडवोकेट, दुष्यंत प्रसाद एडवोकेट, नवचेतन एडवोकेट दोनों बारो के महामंत्री व पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल एडवोकेट व हरदेव शुक्ल एडवोकेट रामसनेही यादव वरिष्ठ अधिवक्ता की एक टीम का गठन किया गया। जिनके नेतृत्व में तहसीलदार के खिलाफधरना प्रदर्शन जारी रहेगा। तथा उच्च अधिकारियों द्वारा जब तक दिनांक 27 मार्च 2023 को आम सभा द्वारा दिए गए पत्र का संतोषजनक निर्णय नहीं आता तब तक तहसीलदार के कार्यप्रणाली के स्वरूप समस्त न्यायालय का कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

# वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में हुआ मेधावी छात्रों व अभिभावकों का सम्मान

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेण्ड्री कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं मेधावी छात्र व अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा अनेकों प्रकार की कलाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रदर्शन किया गया।

विद्यालय के प्रबन्धक अवधेश बहादुर सिंह द्वारा मेधावी छात्रों व अभिभावकों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि हमारा विद्यालय शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी देता है शिक्षा पर तो सभी फोकस करते हैं परन्तु हमारा फोकस शिक्षा के साथ संस्कार देना आवश्यक है। वहीं प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने कहा कि हमारा विद्यालय शिक्षकों और छात्रों की मेहनत के बदौलत जिले के टॉप तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होने कहा कि पांच मूल सिद्धान्त हार्ड वर्क, यूनिकनेश, मोटीवेशन , इन्स्प्रेशन एवं अचीवमेन्ट जिन्हे अपनाकर हम विद्यार्थियों का निर्माण कर रहे हैं। उन्होने बताया कि टेक्नोलॉजी के जमाने में हम कक्षा 1 से ही कम्प्यूटर शिक्षा दे रहे हैं। इसके अलावां समद्ध लाइब्रेरी, उच्च कोटि की सांइस लैब तथा गेम्स, म्यूजिक व स्मार्ट क्लास के जरिये छात्रों को तैयार किया जा रहा है। इससे पूर्व प्रबन्धक अवेधश बहादुर सिंह एवं आमंत्रित अतिथि शिवशरण मिश्र, समर बहादुर सिंह, रामप्रताप सिंह , डा0 एमपी सिंह तथा प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कॉलेज के पीआरओ राजीव मिश्रा ने प्रबन्धक एवं अन्य अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया।

CMYK

# सीतापुर मे हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के लिए हमारा आंगन हमारे बच्चे के तहत कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत बुधवार को सीतापुर मे बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिले के राजकीय इण्टर कॉलेज परिसर में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे जनपद सीतापुर के मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर और बच्चों द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार के द्वारा किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के साथ-साथ कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि डीआईओएस और सीडीपीओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एस.आर.जी. व सभी विकास खंडों के खण्ड शिक्षा अधिकारी ए.आर पी. , नोडल शिक्षक संकुल, ई.सी.सी.ई.नोडल तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित रहे। इस उत्सव में टी.एल.एम. मेला का भी स्टॉल लगाए गए थे जिसमें सभी विकास खण्ड के शिक्षकों द्वारा उत्कृष्ट टी.एल.एम.की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कहा कि यदि निपुण लक्ष्य प्राप्त करना है तो हम सभी को आपस में समन्वय स्थापित कर एक दूसरे के सहयोग से ही निपुण लक्ष्य प्राप्त कराना सम्भव होगा। विद्यालयों के कायाकल्प के संतृप्तिकरण के संबंध में उन्होंने कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा की स्कूलों में सभी जरूरी सुविधाएं हो जाए जिसके लिए ब्लॉक के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है ।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने कहा छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। साथ ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के



प्रति उनका उत्साह बना रहें। आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अर्तगत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा हमारे शिक्षक बच्चों की उपस्थिति से लेकर उनकी शिक्षा की गुणवत्ता को बढाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। जब बेसिक शिक्षा के बदलते स्वरूप को हम देखते हैं तो निश्चित रूप से कह सकते हैं कि आने वाले समय मे परिषदीय विद्यालय निजी विद्यालयों से कई गुणा आगे होंगे ।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिले के सभी विकास खण्डों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ई.सी. सी.ई नोडल अध्यापक, अध्यापिकाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।ब्लॉक रामपुर मथुरा के प्रा. वि. मुनीजरगंज के ई.सी.सी.ई.नोडल अध्यापिका पूजा सिंह तथा आगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन सिंह को ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# जिला योजना समिति वर्ष 2022- 23 की बैठक आयोजित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अम्बेडकर नगर। श्री गिरीश चन्द्र यादव मा0 राज्यमन्त्री( स्वतंत्र प्रभार ) - युवा कल्याण एवं खेलकूद विभाग,उ0प्र0 सरकार, लखनऊ ध्प्रभारी मंत्री जनपदद्अम्बेडकर नगर की अध्यक्षता में एम एल सी डॉ हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, विधायक अकबरपुर राम अचल राजभर, विधायक कटेहरी लालजी वर्मा, विधायक टांडा राममूर्ति वर्मा, विधायक आलापुर त्रिभुवन दत्त, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन,अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता,भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति वर्ष 2022-23 की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा कृषि विभाग, गन्ना विकास, पशुपालन,दुग्ध विकास, वन विभाग, सहकारिता, पंचायती राज विभाग, परिवार कल्याण, नगर विकास, समाज कल्याण ,अल्पसंख्यक कल्याण ,दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग, पुष्टाहार सिंचाई विभाग,खादी एवं ग्रामोद्योग, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, खेलकूद, विद्युत विभाग, रोजगार कार्यक्रम, ग्रामीण स्वच्छता, सड़क एवं पुल, पर्यावरण, उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य,ग्रामीण पेयजल ग्राम्य विकास, ग्राम विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से समीक्षा किया गया। इस दौरान अवगत कराया गया कि जिला योजना वर्ष 2021 22 में अनुमोदित परिव्यय के सापेक्ष 21513.206 लाख धनराशि की गई तथा वित्तीय वर्ष 2022- 23 हेतु शासन द्वारा जनपद अंबेडकरनगर का परिव्यय रु. 3 अरब 23 करोड़ 47 लाख निर्धारित किया गया है। शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं यथा स्वच्छ, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार आदि को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त मात्रा में परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। बैठक के दौरान माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में जनता की समस्याओं के बारे में माननीय मंत्री जी को अवगत कराया गया। विद्युत विभाग के साथ अन्य विभागों की शिकायतों के बारे में बताई गई। माननीय मंत्री जी द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि माननीय विधायक तथा जनप्रतिनिधि द्वारा किए गए शिकायतों का निस्तारण 15 दिवस के अंदर करना सुनिश्चित करें।

# राज्यमन्त्री(स्वतंत्र प्रभार) युवा कल्याण एवं खेलकूद विभाग प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अम्बेडकर नगर। श्री गिरीश चन्द्र यादव मा0 राज्यमन्त्री( स्वतंत्र प्रभार) - युवा कल्याण एवं खेलकूद विभाग,उ0प्र0 सरकार, लखनऊ ध्प्रभारी मंत्री जनपददृअम्बेडकर नगर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में एमएलसी डॉ हरिओम पांडे जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक अकबरपुर, कटेहरी, टांडा, आलापुर , जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ,मुख्य विकास अधिकारी ,अपर जिलाधिकारी की उपस्थिति में आयोजित की गई ।बैठक के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना, टीकाकरण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निराश्रितध् बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना, गोवंशिय एवं महिष बंसीय पशुओं की ईयर टैगिंग,चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना,परिवार नियोजन, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश, सामुदायिक शौचालय निर्माण की स्थिति, ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण की स्थिति, अमृत योजना- जलापूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन (नगरी) खुले में शौच से मुक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन, मत्स्य पालन हेतु तालाबों का आवंटन, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, माननीय मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राज्य पोषित छात्रवृत्ति योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामाजिक वनीकरण, दुग्ध समितियों का गठन एवं पुनर्गठन, गन्ना मूल्य भुगतान, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं का संतृप्तिकरण, कौशल विकास मिशन, ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से



सेवाओं की स्थिति, स्वरोजगार योजनाएं, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन योजना आदि की समीक्षा बिंदुवार की गई। बैठक के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा विकास कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा निर्देश दिया गया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को अवश्य मिले ।विभाग बार समीक्षा के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा निर्देश दिए गए पेंडेंसी का यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। बैठक के दौरान जनपद स्तरीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# किसानों के हक पर डांका डल रहे हैं प्रेसमड कारोबारी

## नकली कोयला बनाकर ईंट भट्ठों पर कर रहे सप्लाई

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले में पिछले कुछ वर्षों से प्रेसमड कारोबारी किसानों के हक पर डांका डालने का काम कर रहे हैं, नियम कानून को ताक पर रख ये अपनी जेबें भरने में जुटे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की नजर इनपर नहीं पड़ रही है। सूत्रों की मानें तो संबंधित विभागों में ये सेटिंग कर अपने धंधे को खूब चमका रहे हैं ।दरअसल मामले का खुलासा उस समय हुआ जब चार मार्च को तहसील दिवस में प्रेसमड कारोबार को लेकर शिकायत पड़ी, समाज सेवी नितेश कुमार सिंह ने शिकायत के माध्यम से स्थानीय प्रशासन को पूरे प्रकरण से अवगत कराया, जिसकी जांच तहसीलदार रूधौली को सौंपी गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि




पड़िया चौराहे के समीप एक व्यक्ति की ओर से फर्म बनाकर फर्जी ढंग से प्रेसमड व बायोफ्यूल का उत्पादन दिखाया गया है, लेकिन फर्म न तो प्रेसमड बना रही है और न ही बायोफ्यूल का उत्पादन कर रही है। यह भी कहा है कि प्रेसमड किसी प्रकार से कोई फर्म नहीं बना सकती है ।नकली कोयला बनाकर ईंट भट्ठों पर सप्लाई कर रहे है प्रेसमड कारोबारीतहसील दिवस में शिकायतकर्ता ने कहा कि प्रेसमड का प्रयोग खाद बनाकर खेतों में किया जाता है, लेकिन संबंधित फर्म की ओर से खाद न बनाकर इसे ईंट भट्ठों पर नकली कोयला बनाकर बेंचा जा रहा तहसीलदार रूधौली की सुनिएप्रकरण को लेकर जब तहसीलदार रूधौली केशरीनंदन त्रिपाठी से जब बात की गई तो उन्होने कहा कि जांच चल रही है, दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र ने उद्यमियों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 272 लोगों को 635.62 लाख रूपये का ऋण वितरित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बस्ती। मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने विद्युत, बैंक, प्रदूषण बोर्ड, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया है। मण्डलायुक्त सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने निर्देशित किया कि इंडस्ट्रीएल एरिया में विद्युत ट्रिपिंग रोकी जाय। सभी 06 हाईमास्क लाईट को कनेक्शन देकर चालू किया जाय तथा रोस्टरिंग की सूचना पूर्व में उद्यमियों को दी जाय। उन्होने अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि प्लास्टिक काम्पलेक्स में जाकर विद्युत संबंधित समस्या का निराकरण करें। योजनाओं में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि पर उन्होने तीनों जिलों के उद्योग एंव बैंक के अधिकारियों को बधाई दिया। समीक्षा में उन्होने पाया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 272 लोगों को 635.62 लाख रूपये कुल 114 प्रतिशत ऋण वितरित किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 260 लोगों को 503.83 लाख रूपये वितरित किया गया, जो 110 प्रतिशत है। एक जनपद एक उत्पाद योजना में कुल 186 लोगों को 416 लाख रूपये कुल 138 प्रतिशत ऋण वितरित किया गया। निवेशमित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में तीनों जनपद को ए श्रेणी प्राप्त हुयी है। उन्होने निर्देश दिया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 में 439 इकाईयों के लिए रू0 19941.24 करोड़ का एमओयू साइन हुआ है। इसके सापेक्ष लगभग 1300 करोड़ रूपये का उद्योग 6 माह के भीतर स्थापित करके ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित किया जाना है। सभी संबंधित अधिकारी इसकी तैयारी सुनिश्चित करें। आईजी आर.के. भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान में कानून व्यवस्था सुधरने के कारण प्रदेश में उद्योगों की स्थापना हो रही है। पुलिस संबंधी किसी भी समस्या के निस्तारण के लिए उन्होने उद्यमियों को अपना सीयूजी नम्बर भी नोट कराया। सभी विभाग इसमें सक्रिय सहयोग करें। बैठक का



संचालन संयुक्त निदेशक उद्योग गौरव मिश्रा ने किया। चेम्बर्स आफ इंडस्ट्री के अध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव हरिशंकर शुक्ला, अनिल सिंह रैकवार ने उद्यमियों की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया। बैठक में अपर आयुक्त अथवा सीआरओ नीता यादव, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, राजकुमार शर्मा, पी.एन. सिंह, ध्यानचन्द्र, लीड बैंक मैनेजर अविनाश चन्द्रा, एएमए जिला पंचायत विकास मिश्रा, उद्यमी हेमन्त कुमार सावलानी, ऋषि अग्रवाल, रामविलास, अजय, कन्हैया प्रसाद, कमल कुमार, राहुल कुमार तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मौलाना आफताब समेत 4 लोगों के खिलाफबसखारी थाने में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, किछौछा। बसखारी थाना अंतर्गत किछौछा दरगाह में मारपीट करने के आरोप में मौलाना आफ्ताब समेत 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार रसूलपुर दरगाह निवासिनी रुखसाना खातून पत्नी शहाबुदीन रविवार को रात 8 बजे खाना बना रही थी तभी कुतबुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन,मौलाना आफ्ताब पुत्र जैनुद्दीन,सूफिया पुत्री निजामुद्दीन व सलमा पत्नी कुतबुद्दीन के साथ दो अज्ञात व्यक्ति हाथों में लाठी डंडा लेकर घुस आए भद्दी भद्दी गालिया देते हुए प्रार्थिनी और उसके बच्चों से मारपीट करने लगे। तथा घर का सारा सामान तोड़ फोड़ करके नष्ट कर दिया। प्रार्थिनी के शोर मचाने पर घर के बगल रहने वाले जायरीन ने आकर बीच बचाव करके किसी तरह से प्रार्थिनी व उसके बच्चों को बचाया ।उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस घटना से डरी सहमी प्रार्थिनी ने बसखारी थाने में प्रार्थना पत्र देकर सभी दोषियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का अनुरोध किया है। जिस पर गंभीर धाराओं में बसखारी थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिलाने की मांग, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, बस्ती। बस्ती जिले मेंराष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा जन नायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिलाने, बस्ती शहर में मूर्ति स्थापना की मांग को लेकर कटेश्वर पार्क स्थित बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा से जिलाधिकारी कार्यालय तक पद यात्रा निकाली गई। मोर्चा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रेम नन्दबंशी के संयोजन में निकाली गई इस पद यात्रा में बहुजन क्रान्ति मोर्चा, भारतीय विद्यार्थी मोर्चा, राष्ट्रीय नाई महासभा के साथ ही अनेक संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लियाजन नायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिलाने, बस्ती शहर में मूर्ति स्थापना की मांग को लेकर निकली यात्रा कटेश्वरपार्क, गांधीनगर, कम्पनीबाग चौराहा, पानी की टंकी होते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। यहां राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से भेजा गया। पद यात्रा में मुख्य रूप से बुद्ध प्रिय पासवान, हृदय गौतम, राम सुमेर यादव, आर.के. आरटियन, ओंकार शर्मा, मुकेश वर्मा, प्रद्युम्न ठाकुर, राहुल शर्मा, रामकिशोर ठाकुर, विकास शर्मा, राजकुमार, विजय कुमार, पवन वर्मा, अभिनन्दन शर्मा, कैलाश चन्द्र, हरिकेश, प्रवेश शर्मा, बिश्राम शर्मा, शनि शर्मा, जामवन्त कुमार, ओम प्रकाश ठाकुर के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत दर्जी ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों को नि:शुल्क टूलकिट वितरित

संवाददाता, बस्ती। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत विकास खण्ड परसरामपुर में श्रृंगीनारी में दर्जी ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों को नि:शुल्क टूलकिट वितरित किया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दिया। उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षार्थियों को 06 दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया एवं मानदेय की धनराशि रू0 1500.00 प्रत्येक लाभार्थी के बैंक खाते में नेफ्ट के माध्यम से भेंजा गया ।इस अवसर पर सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, जनप्रतिनिधिगण, आई0डी0ए0 के अध्यक्ष अनिल सिंह रैकवार एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्दोष मंदबुद्धि कोसाजिश के तहत भेजा गया जेल

संवाददाता, बस्ती। बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र कोहल गांव निवासी भलई यादव मंदबुद्धि का व्यक्ति है, साजिश के तहत लालगंज थाना क्षेत्र के लकड़ा निवासी रामदीन चौधरी अपने 4 वर्षीय पुत्री काजल वर्मा के साथ बलात्कार का आरोप लगाते हुए मंदबुद्धि व्यक्ति के खिलाफ लालगंज थाना में 19 जून 2022 को f.प.त. लिखवाया पुलिस बिना जांच किए भुलई यादव को, भोला यादव को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। परिजन बहुत गरीब और असहाय व्यक्ति हैं, पुलिस बिना जांच किए हुए ही भूलई यादव को जेल भेज दिया ।रामदीन चौधरी एवं भुलई चौरसिया दबाव बना रहे हैं ।

# ट्रांसपोर्ट नगर में गौवंस के शव गाड़ने पर मुखर हुआ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद सुलतानपुर की पयागीपुर स्थित ट्रान्सपोर्ट नगर की करोड़ों की कीमती जमीन पर पालिका प्रशासन द्वारा मृत गायों का कब्रिस्तान बनाये जाने के विरोध में ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन मुखर हो गया है। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा लाखों रुपया खर्च कर पयागीपुर स्थित ट्रान्सपोर्ट नगर की जमीन को समतल कराया गया। उसके चारों तरफ बाउण्ड्रीवाल बनायी गयी, ट्रान्सपोर्ट नगर बनाने हेतु चीफटाउन लेआउट पास कराया गया। ट्रान्सपोर्ट नगर का निर्माण प्रारम्भ हुआ, कुछ दुकानें तथा शोरूम बनाये गये, परन्तु पूर्व अध्यक्ष की अदूरदर्शिता से प्रकरण रोक दिया गया और जनता से पैसा लेने के बावजूद स्थल पर डेवलपमेन्ट नहीं कराया गया। पूर्व अध्यक्ष के बाद वर्ष 2017 से जो अध्यक्ष महोदया रहीं, उन्होंने भी किसी भी कोर्ट से ट्रान्सपोर्ट नगर का स्थगन आदेश न होने पर भी कोई डेवेलपमेन्ट कार्य व ट्रान्सपोर्ट नगर की अन्य दुकानें व ट्रान्सपोर्ट शेड आदि नहीं बनवाया। जबकि जनता से रू0 दो करोड़ 84 लाख पालिका द्वारा जमा करवाया गया है। प्रकाश में आया है कि ट्रान्सपोर्ट नगर में मुख्य पार्किंग स्थल पर मृत गायों के शवों को गड्ढे खोदकर उसमें दफ्नाया जा रहा है। शवों के सड़ने से पूरे इलाके में बदबू फैल रही है, तथा भयानक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ट्रान्सपोर्ट नगर का सत्यानाश तो हो ही रहा है जानवरों के सड़ने से आस पास के दुकानदार रिहायशी मकानों में रहने वालों का रहना दूभर हो गया है। इसके साथ ही ट्रान्सपोर्ट नगर की 6 एकड भूमि पर लोगों के द्वारा पक्के निर्माण कर अतिक्रमण किये जा रहे हैं। जिस पर नगर पालिका प्रशासन मौन है। ट्रान्सपोर्ट एशोसिएशन ने मांग की है कि ट्रांसपोर्ट नगर बनाने व डेवेलपमेन्ट के लिए जनता से भारी धनराशि ली गयी है। इसलिए तुरन्त ट्रान्सपोर्ट नगर के अन्दर स्वीकृत ले-आउट के अनुसार सड़कें, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, जल निकासी की व्यवस्था तथा 11000 विद्युत लाइन को हटाने की कार्यवाही तुरन्त की जाय।

# जनपद के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बरूई गांव में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

संवाददाता, सुल्तानपुर,गोसाईगंज। थाना क्षेत्र के बरूई गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंचकर जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया ।फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।घटना सुल्तानपुर जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरूई गांव की है। युवक की पहचान गांव निवासी सुरेंद्र कोरी (22) पुत्र फगुनी के रूप में हुई है ।युवक रोज की तरह छत पर बने कमरे में सोया हुआ था। जब वह देर तक उठकर नीचे नहीं आया तो , परिवार वाले उसे चाय पीने के लिए बुलाने गए। परिजन वहां का मंजर देख सब दंग रह गए।

**प्रधान को जानकारी मिलने पर पुलिस को दी सूचना**

छत की कुंडी से रस्सी के सहारे सुरेंद्र का शव लटक रहा था । बेटे को इस हालत में देखकर सभी चीखने चिल्लाने लगे ।परिवार में कोहराम मच गया, चीखने- चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इसकी सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस को सूचना मिलते ही ,फांसी के फंदे से शव नीचे उतरवा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सुल्तानपुर जिले के गुप्तारगंज बाजार में जल्द गरजेगा बाबा का बुलडोजर

संवाददाता, कूरेभार ,सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्तारगंज बाजार स्थित मस्जिद के पीछे ग्राम सभा की जमीन पर बने सरकारी तालाब पर भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। जहां अवैध कब्जे को लेकर सरकार सख्त है, वहीं सूत्रों की माने तो अधिकारियों की मिलीभगत से भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला है कूरेभार थाना क्षेत्र के गुप्तारगंज बाजार स्थित सरकारी तालाब का है ।जहां पर शौचालय का टैंक बनाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया तो वही भूमाफिया द्वारा दबंगई से पेश आने का मामला सामने आया है ।भू माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि ना तो उसको पुलिस का डर है, ना तो सरकार का ,ऐसे में आम जनमानस क्या करें। यह देखने वाली बात है कि मौके पर तैनात लेखपाल को सूचना देने के बावजूद भी उसने कोई कार्रवाई नही की ।सूत्रों की माने तो तकरीबन अभी तक दर्जनों लोगों द्वारा सरकारी तालाब पर कब्जा किया जा चुका है। इसके बावजूद भी जिला प्रशासन मौन बना हुआ है।

# न्याय पानी के लिए कानून व अधिकारों की जानकारी जरुरी- सचिव

## जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर संपन्न

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर। अमहट स्थित जिला कारागार में बुधवार को आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में मौजूद महिला बंदियों को संबोधित करते हुए अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक सिन्हा ने कहा कि यदि महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक रहेंगी तो उन्हें न्याय लेने में सहूलियत मिलेगी ।इसलिए सभी महिलाओं को जागरूक होना जरूरी है। इस दौरान जिला कारागार में निरुद्ध महिलाओ को सचिव ने आयरन और कैल्शियम की दवा एवं सेनेटरी पैड वितरित किया ।जेल अधीक्षक उमेश सिंह ने महिलाओं को अपने संबोधन में कहा कि उम्र के बढ़ते पड़ाव में कैल्शियम व आयरन की जरूरत सभी को होती है। उन्होंने इसकी व्यवस्था मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहकर करवाई है । इसलिए महिला बंदी चिकित्सकों के द्वारा दी जा रही सलाह के अनुसार ही दवाओं का सेवन करें। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफतारकेश्वर सिंह ने सिंह ने महिलाओं को कानून के बारे में बताया ।कहा कि किसी भी जेल में निरुद्ध महिला को कानून की सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें न्याय दिलाया जा रहा है। तत्पश्चात सचिव अभिषेक सिन्हा ने जेल के भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को देखा व बैरको का निरीक्षण किया ।इस अवसर पर जिला कारागार के जेल अधीक्षक उमेश सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर सतीश कुमार पांडेय डिप्टी जेलर रीता श्रीवास्तव जेल के चिकित्सक व महिला चिकित्सक सहित अन्य मौजूद रहे।

CMYK

# विकास कार्यों को लेकर विधायक जिला पंचायत ने की बैठक

संवाददाता



कानपुर। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती स्वप्निल वरुण की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें मा0 विधायक घाटमपुर श्रीमती सरोज कुरील व मा0 विधायक बिल्हौर राहुल सोनकर (राहुल बच्चा) उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2023-24 के मूल बजट के लिए रुपये-605576561६- की सर्व सम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 के पुनरीक्षित बजट को रुपये-816467902६- का सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया। मा0 अध्यक्ष द्वारा बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश:- मा0 सदस्यों से हैण्डपाइपों के रिबोर की सूची प्राप्त कर उनको प्राथमिकता से रिबोर कराया जाए। हर-घर-नल योजना के तहत जो भी कार्य कराये जा रहे हैं उनमें यह सुनिश्चित कराया जाये कि किसी गांव या मजरे में कोई घर छूटने ना पाये शत-प्रतिशत घरों में नल का कनेक्शन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मा0 सदस्यों/ जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी समस्यायें बतायी गई है उनका प्राथमिकता से शीघ्र निराकरण कराया जाएगा, बिना किसी भेदभाव सभी सदस्यों के क्षेत्रों में विकास के कार्य करायें जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि एकजुट होकर एक मत से कोई कार्य किया जाए तो उसके सार्थक परिणाम निकलते हैं, इसलिए यदि किसी के क्षेत्र की कोई समस्या है तो वह हमसे मिलकर अवगत कराये अपनी समस्या बताये हम उसकी समस्या का समाधान करायेंगे। विधायक बिल्हौर राहुल सोनकर ने कहा कि जनता की जो भी समस्याएं सदन के सामने मा0 सदस्यों द्वारा रखी गई है संबंधित अधिकारियों द्वारा उन समस्याओं को शीघ्र निराकरण कराया जाए इसके साथ ही गर्मी का मौसम आ गया है कहीं पर पेयजल की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए जो भी हैण्डपम्प रिबोर करने योग्य हैं उनका प्राथमिकता से रिबोर कराया जाए।बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत रवीन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अटेवा की टीम ने किया संपर्क,16 अप्रैल को जनपद में होगा संवैधानिक मार्च

संवाददाता, कन्नौज। जिले में आल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी जिलों में पेंशन संवैधानिक मार्च निकाला जाना है। इसके लिए संगठन के पदाधिकारियों ने मूल्यांकन केन्द्रों पर पहुंचकर टीचरों से सम्पर्क किया। 16 अप्रैल को होने वाले आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए आह्वान किया।

अटेवा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाठक की अगुवाई में संगठन के सदस्यों ने मूल्यांकन केन्द्र केके इंटर कॉलेज और एसबीएस इंटर कालेज में पहुंचकर शिक्षकों के साथ बैठक की। संगठन के पदाधिकारियों ने 16 अप्रैल को जिले में होने वाले आंदोलन की रणनीति के बारे में टीचरों को अवगत कराया। आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष प्रवीण पाठक ने ज्यादा से ज्यादा टीचरों से शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सभी टीचर 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक इत्रनगरी के बोर्डिंग ग्राउंड में एकजुट होंगे और फिर वहां से पैदल जुलूस के रूप में कलक्ट्रेट तक जाएंगे। जिला प्रवक्ता मनीष सक्सेना ने कहा कि टीचरों के एकजुट होने के कारण सरकार दबाव की मुद्रा में है। लिहाजा आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी को उसमें शामिल होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में पूर्व विधायकों और पूर्व सांसदों को पेंशन मिलती है। अलग-अलग पदों पर आसीन रहने वाले नेताओं को साथ उन पदों की पेंशन मिलती है। लेकिन देश में अर्द्ध सैनिक बलों, टीचरों और कर्मचारियों के रिटायर होने के बाद भी पेंशन नहीं मिल रही। अपना हक लेने के लिए टीचरों को क्रांतिकारी बनकर सरकार से लड़ना पड़ेगा तभी सरकार की नींद खुलेगी।

## हिंदू नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में 51 कन्याओं का पूजन कराया गया

संवाददाता, कानपुर। कानपुर नवसंवत्सर में आदर्श खत्री महासभा, कानपुर (रजि0) का पहला कार्यक्रम पशुपति नाथ मंदिर विकास नगर स्थित माता रानी के दरबार में आयोजित किया गया जिसमें बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 51 कन्याओं को स्कूल बैग, कुछ स्टेशनरी, स्नैक्स, फ्रूटी व आइसक्रीम देने का लक्ष्य रखा गया था किन्तु माता रानी की कृपा से कार्यक्रम स्थल पर 100 से ऊपर कन्या व लगभग 42 लंगूर इकट्ठा हो गए। किन्तु संस्था के सम्मानित सदस्यों ने उत्साह में विभिन्न प्रकार का सामान इतनी मात्रा में जुटा लिया था कि सभी को कुछ न कुछ देकर विदा किया गया। माता रानी को वस्त्र व श्रृंगार का सामान अर्पित करने के बाद कार्यक्रम में संस्था के सदस्य राजू कपूर ने माता रानी के भजन सुना कर वातावरण इतना भक्तिपूर्ण कर दिया कि सदस्य अपने को रोक नहीं सके नृत्य करने से। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अनुपम मेहरोत्रा ,सचिव अमित मेहरोत्रा कोषाध्यक्ष श्रीमती किटी टंडन ,उपाध्यक्ष नितिन मेहरोत्रा संरक्षक दिनेश टंडन जी, प्रबन्ध समिति के सदस्य डा. पंकज गुलाटी नवीन सेठ प्रवीण सेठ मनीष मेहरोत्रा संदीप कक्कड़ सहित प्रत्येक सदस्य का सहयोग व उत्साह प्रशंसनीय रहा।

## चैती छठ पूजा के अवसर पर दूध वितरण किया गया

संवाददाता, कानपुर। गहमरी ने व्रती महिलाओं के लिए सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए आज गाय का दूध वितरण किया भोजपुरी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय छठ पूजा समिति अध्यक्ष संतोष गहमरी ने बताया की चौती छठ पूजा में सुबह-सुबह उगते हुए सूरज को अर्घ्य व्रती महिलाओं ने दिया गहमरी ने गाय का दूध वितरण किया गहमरी ने बताया कि व्रती महिलाएं पुत्र वा पति की दीर्घायु की कामना को लेकर महिलाएं व्रत करती हैं अक्सर पहले पुत्र की प्राप्ति के बाद महिलाएं व्रत को उठाती हैं मान्यता है कि छठ पर्व में सूर्य उपासना करने से छठ माई प्रसन्न होती हैं यह परिवार में सुख शांति धन-धान्य से संपन्न करती हैं छठ माई संतान प्रदान करती हैं।

## सोलर वाटर पंप खराब फ्लोराइड पानी पीने को मजबूर

संवाददाता, शुक्लागंज,उन्नाव। नगर पालिका परिषद गंगाघाट के कई वार्डों में सोलर वाटर पंप महीनों से खराब है। इससे क्षेत्रीय लोगों को पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। सीता राम कॉलोनी के लोगो ने आरोप लगाया कि नगर पालिका से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा सका। वार्डों में लगे सोलर पंप से दर्जनों घरों के रहवासियों को शुद्ध पानी की आपूर्ति की जाती है। महीनों से सोलर वाटर पंप खराब हो जाने से पानी की किल्लत बढ़ गई है। इसके चलते लोग दूर स्थित हैंडपंपों से फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। इससे ग्रामीणों में बीमारियों के बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र के अधिकांश हैं हैण्डपंपों के पानी में फ्लोराइड भारी मात्रा में पाया जाता है। पंप खराब होने से फ्लोराइड युक्त पानी पी-पीकर बीमार पड़ जा रहे हैं। सीताराम कॉलोनी निवासी का कहना है।

# श्रीमद् भगवत गीता का होगा भव्य आयोजन प्रेस वार्ता कर बताया

संवाददाता




कानपुर। राज संतोष मेमोरियल सोसायटी , 83-इंडस्ट्रियल इस्टेट कालपी रोड कानपुर द्वारा 31 मार्च से 7 अप्रैल तक आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता का आयोजन कृपा धाम मन्दिर (निकट अमर उजाला) कर रही है ।कथा आठ दिनों तक सायं 3 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी। उपरोक्त जानकारी आज कानपुर प्रेसक्लब में आचार्य प्रमोद तिवारी द्वारा वार्ता के दौरान बताई गई। उन्होंने बताया कि कथा का अमृत रसपान वृन्दावन से पधारे प्रख्यात मर्मज्ञ भागवताचार्य पूज्य डॉ0 श्याम सुंदर पराशर द्वारा कराया जायेगा। विस्तृत कार्यक्रम इसप्रकार है--

प्रथम दिन 31 मार्च प्रात: 7 बजे कलश यात्रा। सायं 3 बजे से कथा। दूसरे दिन, 1 अप्रैल को भीष्म स्तुति व परीक्षित जन्म। तीसरे दिन 2 अप्रैल सती व ध्रुव चरित्र, चौथे दिन 3 अप्रैल राम कथा, नन्दमहोत्सव। पांचवें दिन 4 अप्रैल को माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, छठवां दिन 5 अप्रैल रासलीला, रुक्मिणी विवाह। सातवें दिन 6 अप्रैल सुदामा चरित्र। आठवें दिन 7 अप्रैल समापन व प्रसाद वितरण तथा अपराह्न 2 बजे से ब्रह्मभोज होगा। वार्ता में मुख्य रूप से पंकज झा, सुमित कपूर, कुणाल अरोरा, ईशान गुलाटी, व सात्विक कपूर उपस्थित रहे।

# डॉ अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल घोषित

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ के गढ रोड नई मंडी के पास डॉ अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल अंबेडकर नगर विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। इसमें कु0राशि कक्षा 6 तथा कार्तिक कक्षा 5 ने विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया तथा पल्लवी, माही, शिवकुमार ,तनुज कुमार, दक्ष, मनोरमा, वानिया ,तनु रानी, वंशिका रानी ,जीया ने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया मिस्टर सनी, तनिश कुमार, यश ,दीप्ति, आयुषी , कोमल , लवी, रिया रानी ,विशेष ,हरिओम, एलिना राही, ऋषभ कुमार ने अपनी कक्षाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तो वहीं विवांश, अवशेष, शुभनीस, लक्ष्मी ,सृष्टि, बॉबी, अनिकेत, लविशा, हर्षित राही, कनक, वंदना,




तनु, विशेष कुमार ने अपनी-अपनी कक्षाओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया मानसी, योगिता , प्रिया, कु भूमिका, हेमंत कुमार ,वंशिका, ओमवीर , राजा अल्वी , नंदनी रानी अल्वी ,रितिका रानी, मनीष कुमार, रिया रानी ने अपनी-अपनी कक्षाओं में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ लक्ष्मण सिंह गौतम ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार गौतम,रेखा रानी, सुदेश चौहान, चेतन कुमार ,आकाश कुमार ,पूजा, मंजू रानी, मीनू ,स्वर्ण लता ,प्रीति ,ज्योति, प्रवीण कुमार तथा अनेक अभिभावक गण मौजूद रहे।

# इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने मारी बाजी

## जीवन में पढ़ाई के साथ खेल आगे बढ़ने का एक अहम हिस्सा है : डा एस.डी.मैक्कार्टी




संवाददाता, प्रयागराज। इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को ब्लू हाउस ने बाजी मारी। शुआट्स के मैदान में इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलसचिव डाक्टर एस.डी.मैक्कार्टी थे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफ्जाई करते हुए अच्छे से खेल खेलने की अपील की।उन्होंने आगे कहा कि खेल की विधा से भविष्य को निखारा जा सकता है।जीवन में पढ़ाई के साथ खेल आगे बढ़ने का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने शारीरिक शिक्षा विभाग की पूरी टीम को क्रिकेट प्रतियोगिता कराने के लिए बधाई भी दी। एथलेटिक कमेटी की सचिव व शारीरिक शिक्षा विभाग की हेड डॉ. सुनीता बी.जॉन ने मुख्य अतिथि को पौधा देकर उनका स्वागत किया। पहले दिन क्रिकेट प्रतियोगिता ब्लू हाउस और पिंक हाउस के बीच संपन्न हुआ जिसमें ब्लू हाउस ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ब्लू हाउस ने पहले खेलते हुए 7 विकेट पर 131 रन बनाए किन्तु पिंक हाउस की पूरी टीम 99 रनों पर सिमट गई।ब्लू हाउस की तरफ से विपिन सिंह ने 38 रन और अभय कुमार ने 20 रन का योगदान दिया। जबकि पिंक हाउस की तरफ से सौरभ निषाद ने नाबाद 29 रन और अजय कुमार ने 26 रन का योगदान दिया। गेंद बाजी में पिंक हाउस की तरफ से अजय कुमार ने 13 रन देकर तीन विकेट और सूर्यांश ने 23 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जबकि ब्लू हाउस की तरफ से विपिन कुमार और आशीष कुमार ने दो-दो विकेट प्राप्त किए।

# युवा वैज्ञानिक नदीम सैफी ने अमेरिका की कैलिफोर्निया एजुकेशन एकेडमी से जीता अवार्ड



संवाददाता, हापुड़। हापुड़ के युवा वैज्ञानिक मौ नदीम ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फील्ड में अपनी प्रतिभा से फिर एक बार अमेरिका से अवार्ड जीता है नदीम ने अपने आइडिया को लेकर प्रती भाग लिया था जिसमे नदीम ने जैक लेस चार्जर पर अपने आईडीए के साथ विचार रखे थे जो जेक लेस चार्जर हमारे शरीर को बीमारियो से घेर रहा है पर हमे लगता हैं की हमरा काम आसान हो रहा लेकिन हमको बीमारियो का रिजल्ट मील रहा जिससे अनेको बीमारियो को हम खुद दावत दे रहे है जिससे दिन प्रति दिन बीमार इंसान की संख्या बढ़ रही है जिससे हर इंसान को फायदा कम नुकसान ज्यादा हो रहा है जिसमें नदीम के आइडिया को स्थान मिला है आपको बताते चले युवा वैज्ञानिक मौ नदीम हापुड जिले के ग्राम नली हुसैनपुर बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत स्तिथि रहने वाले हैं युवा वैज्ञानिक नदीम ने एक सामान्य परिवार से उड़ान भरकर गांव जिला राज्य देश का नाम रोशन किया है गांव में खुशी का माहौल है परिवार के लोगो नदीम का मीठा मुंह कर खुश जाहीर की हैं और बधाई देने वालों का घर पर तांता लगा हुआ है नदीम ने अपनी प्रतिभा का परचम राष्ट्रीय स्तर से लेकर अंत राष्ट्रीय स्तर किया है जो निम्न हैं बाल वैज्ञानिक उ प्र, युवा वैज्ञानिक, एपीजे कलाम अवॉर्ड्स (अमेरिका ), राष्ट्रीय नवचारी, इंडियन आइकन अवार्ड आदि।

# भीख नहीं भरपेट मिलेगा नि: शुल्क भोजन, डीएम ने नीड फाउंडेशन की कार्ड सेवा का किया शुभारंभ

## कार्ड से विभिन्न आउटलेट्स में मिलेंगा मुफ्त भोजन

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ शहर में पहली बार बिना नाम गुप्त रूप से गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करनें वाले प्रमुख समाजसेवी संस्था नीड फाउंडेशन के सदस्यों ने एक अनोखी पहल करते हुए भीख नहीं भरपेट भोजन योजना के तहत फूड कार्ड सेवा शुरू की है भीख नहीं भरपेट भोजन योजना के तहत गरीबों व असहाय लोगों को भोजन कार्ड सेवा को डीएम प्रेरणा शर्मा ने शुभारंभ करते हुए मुक्कंठ से प्रशंसा करते हुए समाजसेवियों को भी इस यज्ञ में भाग लेनें की सलाह दी है कार्ड से विभिन्न आउटलेट्स में मुफ्त भोजन मिल सकेगा। वही डीएम प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट में इस कार्ड सेवा का शुभारंभ कर संस्था के सदस्यों को सम्मानित करते हुए कहा कि सदस्यों द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। अन्य समाजसेवियों को भी इनमें प्रेरणा




लेनी चाहिए। हांलांकि सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं का गरीब व जरूरतमंद भरपूर लाभ उठा रहे हैं। संस्था के वरिष्ठ सदस्य जतिन साहनी ने बताया कि कुछ उदार लोग भिखारियों या किसी अन्य जरूरतमंद लोगों को मानवता के लिए पैसा देते हैं, जिसका अधिकांश समय दुरुपयोग किया जाता है, क्योंकि पैसे का उपयोग बुनियादी जरूरतों को छोड़कर ज्यादातर गैर-जरूरी चीजों में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नीड फाउंडेशन में हम जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए कार्ड सेवा के लिए इस धन फार्मूले को ओवरराइड करना चाहते थे, इसके लिए हम सरल और प्रभावी फूड कार्ड सेवा लेकर आए। उक्त सेवा में हम जरूरतमंद लोगों को फूड कार्ड जारी करेंगे और हापुड़ के विभिन्न आउटलेट्स में मुफ्त भोजन के एवज में भुनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि यह सेवा जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए एक गेम चेंजर हो सकती है, यह हमारी तरफ से उन लोगों की मदद करने के लिए एक बहुत छोटी पहल है जो कभी-कभी कुछ दिनों के लिए भोजन नहीं कर पाते हैं। इस मौकें पर डीएम प्रेरणा शर्मा ने समाजसेवा के कार्य करनें वालें संस्था सदस्य जतिन साहनी,धीरज चुग सोनू, संदीप अनेजा, विशाल ढींगरा, सरजीत सिंह चावला, अनिल कक्कड़, विनय अरोड़ा, हितेश नारंग, जसविंदर सिंह कालरा, संजय बंगा, हरीश ग्रोवर, परवेश सूरी, विनोद थापर, रोहन आनंद, शालिंदर डांग, आयुष चावल, सुनील छाबड़ा, धीरज चुग सोनू , हिमांशु गुप्ता, जगदीप सिंह, राजेश गाबा, ध्रुव साहनी, सचिन सिंघल , मनोज कर्णवाल, कपिल अरोड़ा, बलवीर सिंह, तरुण बाटला आदि लोगों को सम्मानित किया।

# सोसायटी ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज एंड रूरल डेवलपमेंट, प्रयागराज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन संपन्न

संवाददाता



प्रयागराज। सोसायटी ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज एंड रूलर डेवलपमेंट, प्रयागराज के तत्वाधान में अक्षय कृषि एवं टिकाऊ पर्यावरण नामक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन विज्ञान परिषद प्रयाग के सभागार में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में सभी अतिथियों का स्वागत डा. हेमलता पंत आयोजक सचिन ने किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रगति आख्या डॉ.ज्योति वर्मा ने दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.गीतांजलि मौर्य प्राचार्या कुलभास्कर आश्रम पी.जी. कॉलेज तथा प्रो.अर्चना पाठक प्राचार्या, आर्य कन्या पी.जी.कॉलेज थी। प्रो.मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि यदि हमें अक्षय कृषि करनी है तो हमें परंपरागत कृषि एवं नवीन कृषि को तथा समस्त वैज्ञानिक विधि को संतुलित रूप से एकीकृत करने की बात की। इसी क्रम में प्रो.पाठक ने कहा कि भारत अभी विकासशील देश है, हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं। हमें विकसित होने तथा प्रथम अर्थव्यवस्था होने में कृषि क्षेत्रों में तथा कृषि उत्पादों में हर तरह से वृद्धि करनी होगी। इसमें वैज्ञानिकों, शोधार्थियों एवं कृषकों को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। इस कार्यक्रम में डा. हेमलता पंत, डा.डी स्वरूप, डा.मनोज कुमार सिंह, डा. ज्योति वर्मा, डा.अमित मौर्या डा.एन.जे.जेम्स तथा डॉ.विनी जॉन द्वारा संपादित लिखित पुस्तकों एवं कार्यक्रम की सोवेनियर का विमोचन मुख्य अतिथियों के कर कमलों द्वारा हुआ तथा एसबीएसआरडी द्वारा प्रशिक्षित कुमारी कृति द्वारा निर्मित ओस्टर मशरूम बरी का भी विमोचन किया गया।कार्यक्रम में शोधार्थियों द्वारा मौखिक एवं पोस्टर के माध्यम से विभिन्न शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। इस सम्मेलन में डॉ उमा रानी अग्रवाल, डॉ.संतोष श्रीवास्तव,डॉ. हीरालक्ष्मी,जाडोन डॉ.विशाल श्रीवास्तव, डॉ.साधना त्रिपाठी, डॉ.एन.जे जेम्स ने क्रमश: अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं रिपोर्टियर का दायित्व विभिन्न सत्रों में निभाया।इस सम्मेलन में कु.सालेहा खान, कु.अनुराधा यादव, डॉ. विनी जॉन, कु. प्रिशिता ने विभिन्न सत्रों का संचालन किया। सम्मेलन में डॉ पवन सिरोठिया, डॉ.मनोज कुमार सिंह, डॉ. रतन कुमार पांडे ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। सम्मेलन में सभी का आभार डॉ.देवेंद्र स्वरूप, वैज्ञानिक (पशुपालन विज्ञान), कृषि विज्ञान केंद्र, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर ने दिया। इस सम्मेलन में देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, वैज्ञानिक संस्थानों के अध्यापक, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शहर पश्चिमी झलवा में ईपीएफ कार्यालय भवन निर्माण का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ

संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज शहर पश्चिमी के ट्रिपल आईटी झलवा और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के बीच ईपीएफ भवन का केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव वर्चुअल से जुड़े की उपस्थिति में भूमि पूजन विधि विधान के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह के कल कमलों से सम्पन्न हुआ।पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने संबोधन में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने ई.पी.एफ कार्यालय निर्माण के लिए मेरी विधानसभा शहर पश्चिमी प्रयागराज को चुना। आज उनके साथ भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस कार्यालय के निर्माण से जनपद प्रयागराज, कौशांबी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी और प्रतापगढ़ के कर्मचारियों के कर्मचारी भविष्य निधि संबंधित कार्य हो सकेंगे। सिंह ने कहा जिस शहर पश्चिमी प्रयागराज में कभी आतंक के अड्डे स्थापित होते थे।आज उन्हें ध्वस्त कर विकास के भवन बनाए जा रहे हैं। एयरपोर्ट, हॉस्पिटल, नया ब्लॉक एवं लॉ यूनिवर्सिटी जैसे अनगिनत निर्माण के बाद आज इसी कड़ी में केंद्रीय भविष्य निधि कार्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। कभी माफियाओं का गढ़ रहा, अब विकास की पहचान बनते हुए शहर पश्चिमी क्षेत्र में कार्यालय खुलने की एक और उपलब्धि से जुड़ गया है। प्रवर्तन अधिकारी बी.आर.पटेल ने बताया कि यह भवन लगभग 1000 स्क्वायर मीटर पर बनेगा जो पीडीए से जमीन लगभग 5 करोड़ में खरीदी गयी हैं।जो 3 तल का भवन होगा।जिसके निर्माण में लगभग ढाई साल लगेंगे।केंद्रीय लोक निर्माण विभाग निर्माण कार्यदायी एजेंसी है।अभी बाउंड्री वाल का निर्माण शुरू हुआ है।इस मौके पर अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त शशि भूषण सिन्हा,क्षेत्रीय आयुक्त गौतम दीक्षित,क्षेत्रीय आयुक्त कार्यालय प्रभारी शाश्वत शुक्ला, डीएलसी राजेश मिश्र,प्रवर्तन अधिकारी बीआर पटेल तथा इफ्को, एसीसी सीमेंट आदि कंपनियों के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# बेलारूस में परमाणु हथियार तैनात करेगा रूस : पुतिन



एजेंसी, मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने को पड़ोसी देश बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती करने की अपनी योजना जाहिर की। पुतिन ने कहा कि यह योजना यूक्रेन को 'डिप्लेटेड यूरेनियम' वाला गोला-बारूद देने की ब्रिटेन की योजना की जवाबी प्रतिक्रिया है। रूस का दावा है कि ये गोला-बारूद परमाणु घटक से लैस हैं। पुतिन ने रूस के सरकारी टेलीविजन के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जैंडर लुकाशेंको काफी समय से इन हथियारों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेलारूस में इन हथियारों के भंडारण के लिए उचित ढांचों का निर्माण एक जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। रूस ने यूक्रेन में सेना भेजने के लिए बेलारूस के क्षेत्र को एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया है। कीव पर आक्रमण के बीच मॉस्को और मिन्स्क ने करीबी सैन्य संबंध बरकरार रखे हैं।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बैठक तीन अप्रैल से, ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की और वृद्धि संभव




एजेंसी, मुंबई। खुदरा मुद्रास्फीति के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बने रहने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व समेत कई केंद्रीय बैंकों के आक्रामक रुख के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी अगली मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की एक और वृद्धि का फैसला कर सकता है। मौद्रिक नीति के निर्धारण संबंधी सर्वोच्च संस्था मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक तीन अप्रैल से शुरू होने वाली है। तीन दिनों तक चलने वाली यह बैठक छह अप्रैल को नीतिगत दर संबंधी फैसले के साथ खत्म होगी। एमपीसी की बैठक में मौद्रिक नीति से जुड़े तमाम घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय पहलुओं की व्यापक समीक्षा के बाद कोई फैसला लिया जाएगा। इस दौरान खुदरा मुद्रास्फीति की स्थिति और फेडरल रिजर्व, यूरोपीय सेंट्रल बैंक एवं बैंक ऑफइंग्लैंड जैसे प्रमुख केंद्रीय बैंकों के हालिया कदमों का भी गहन विश्लेषण किया जाएगा। मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 से लगातार नीतिगत ब्याज दर में बढ़ोतरी का रुख अपनाया हुआ है। इस दौरान रेपो दर चार प्रतिशत से बढ़कर 6.50 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है। गत फरवरी में संपन्न पिछली एमपीसी बैठक में भी रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में 6.52 प्रतिशत और फरवरी में 6.44 प्रतिशत पर रही है। खुदरा मुद्रास्फीति का यह स्तर आरबीआई के लिए निर्धारित छह प्रतिशत के सुविधाजनक स्तर से अधिक है। बैंक ऑफबड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ''पिछले दो महीनों से मुद्रास्फीति के छह प्रतिशत से ऊपर बने रहने और तरलता के भी अब लगभग तटस्थ हो जाने के बाद ऐसी उम्मीद है कि आरबीआई एक बार फिर रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है। इसके साथ ही आरबीआई अपने रुख को तटस्थ घोषित कर यह संकेत भी दे सकता है कि दरों में वृद्धि का दौर खत्म हो चुका है।'' इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री डी के पंत का भी मत है कि एमपीसी की बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने इसके अंतिम दर वृद्धि होने की भी संभावना जताई। हालांकि, पीडब्ल्यूसी इंडिया के भागीदार (आर्थिक सलाहकार सेवाएं) रानेन बनर्जी का मानना है कि भारत में मुद्रास्फीति के पीछे आपूर्ति कारकों के बड़ी वजह होने से एमपीसी इस बार ब्याज दर में वृद्धि का सिलसिला रोकने का फैसला भी कर सकती है। यह वित्त वर्ष 2023-24 की पहली मौद्रिक समीक्षा बैठक होगी। समूचे वित्त वर्ष में आरबीआई कुल छह एमपीसी बैठकों का आयोजन करेगा।

# चीन ने सोशल मीडिया पर कसा शिकंजा, ऑनलाइन न्यूज पर लगाएगा बैन

एजेंसी, बीजिंग। चीन एक बार फिर से सोशल मीडिया पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। चीन ने अपने एंटी-सेल्फ-मीडिया प्रचार के साथ सोशल मीडिया क्षेत्र पर नियंत्रण का दावा करने की कोशिश की है। चीनी प्रशासन ने कहा कि इन ष्सेल्फ-मीडियाष् निर्माताओं ने अपनी विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए दर्शकों को धोखा देते हैं और दूसरों की नकल करते हैं। सेल्फ-मीडिया चीन की नीतियों के खिलाफहै। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी सीसीपी ने दो महीने की अवधि में मीडिया के ऐसे स्वरूपों को बंद करने का निर्देश दिया है। प्रत्येक प्रांत, स्वायत्त क्षेत्र और नगर पालिका की सीसीपी समितियों के इंटरनेट सूचना कार्यालय सीधे केंद्र सरकार और झिंजियांग उत्पादन और निर्माण कोर की सीसीपी समिति के इंटरनेट सूचना कार्यालय के अधीन हैं। चीनी प्रशासन ने कहा कि सीसीपी ने दो महीने की अवधि में मीडिया के ऐसे स्वरूपों को बंद करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्मों से अपेक्षा की जाती है कि वे जो पोस्ट करते हैं उसकी विश्वसनीयता की जांच कर लें। हमारा उद्देश्य अफवाह, हानिकारक सूचना और फर्जी खबरों को फैलाने वाले सेल्फ-मीडिया पर पूरी तरह से नकेल कसना है। सीसीपी ने दावा किया कि सेल्फ-मीडिया झूठी घटनाओं और विचित्र कहानियों को गढ़ता है और अफवाहें फैलता है।

# केंद्रशासित प्रदेश में अगले साल से वंदे भारत ट्रेन चलेगी : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

एजेंसी, जम्मू । कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली रेल लाइन इस साल पूरी हो जाएगी और केंद्रशासित प्रदेश में अगले साल विशेष वंदे भारत ट्रेन चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। रेल मंत्री ने यहां नौगाम स्टेशन पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू को श्रीनगर से जोड़ने वाली उधमपुर-बनिहाल लाइन इस साल दिसंबर या अगले साल की शुरुआत तक पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जम्मू कश्मीर में उधमपुर-बारामूला रेल लाइन का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन पर अच्छी प्रगति हुई है। चिनाब और अंजी पुलों और प्रमुख सुरंगों के निर्माण के लिए भी काम चल रहा है और अच्छी प्रगति हो रही है। इस साल दिसंबर या अगले साल जनवरी-फरवरी में इस मार्ग पर ट्रेन चलने लगेगी। उन्होंने कहा कि इस लाइन के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई श्वंदे भारत ट्रेन तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा, ''इस विशेष ट्रेन के निर्माण के क्रम में तापमान, बर्फजैसी हर चीज को ध्यान में रखा गया है।

# जियो ने 5जी नेटवर्क के लिए देश भर में एक लाख टावर लगाए




एजेंसी, नयी दिल्ली। देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने अत्यधिक तीव्र गति वाली इंटरनेट सेवा देने के लिए सबसे तेज और व्यापक 5जी दूरसंचार नेटवर्क खड़ा करने के मकसद से देश भर में करीब एक लाख दूरसंचार टावर लगाए हैं। दूरसंचार विभाग के हालिया आंकड़ों के अनुसार, दूरसंचार टावर लगाने के मामले में जियो दूसरे स्थान पर मौजूद कंपनी से लगभग पांच गुना आगे है। दूरसंचार विभाग के नेशनल ईएमएफ पोर्टल पर जारी दैनिक स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, जियो ने 700 मेगा हट्र्ज और 3,500 मेगा हट्र्ज वाले 99,897 बीटीएस (बेस ट्रांसीवर स्टेशन) स्थापित किए हैं। वहीं दूसरे स्थान पर मौजूद कंपनी भारती एयरटेल ने कुल 22,219 बीटीएस स्थापित किए हैं। बृहस्पतिवार को मौजूद स्थिति के अनुसार, प्रत्येक आधार स्टेशन के लिए जियो के पास तीन सेल इकाइयां हैं जबकि एयरटेल के पास दो सेल इकाइयां हैं। ज्यादा टावर और सेल इकाइयां होने से इंटरनेट की रफ्तार अधिक रहती है। ऊकला की गत 28 फरवरी को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, जियो के इंटरनेट की सर्वाधिक गति 506 मेगाबाइट प्रति सेकेंड (एमबीपीएस) आंकी गई जबकि एयरटेल 268 एमबीपीएस की अधिकतम गति के साथ दूसरे स्थान पर रहा।


# किफायती घरों की आपूर्ति में गिरावट का दौर जारी



एजेंसी, नयी दिल्ली। देश के सात प्रमुख शहरों में 40 लाख रुपये से कम कीमत वाले किफायती घरों की कुल नए घरों में हिस्सेदारी घटकर पिछले साल 20 प्रतिशत पर आ गई। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनरॉक ने यह जानकारी दी है। एनरॉक ने किफायती घरों की संख्या में आई इस गिरावट के लिए महंगी जमीन, कम लाभ और कम ब्याज दरों पर वित्त नहीं मिलने जैसे कारकों को जिम्मेदार ठहराया है। आंकड़ों के अनुसार, रियल एस्टेट डेवलपर ने वर्ष 2022 में देश के सात प्रमुख शहरों में कुल 3,57,650 घरों की आपूर्ति की जिनमें से सिर्फ 20 प्रतिशत घर ही किफायती श्रेणी में थे। इसके पहले साल 2018 में कुल 1,95,300 घर तैयार किए गए थे, जिनमें से 40 प्रतिशत घर किफायती श्रेणी के थे। वर्ष 2019 में बने कुल 2,36,560 घरों में से किफायती घरों का हिस्सा 40 प्रतिशत पर स्थिर रहा। हालांकि वर्ष 2020 में निर्मित कुल 1,27,960 इकाइयों में से किफायती घरों का हिस्सा गिरकर 30 प्रतिशत रह गया।

इन सात शहरों में वर्ष 2021 में तैयार कुल 2,36,700 घरों में से किफायती घरों का आंकड़ा और भी गिरावट के साथ 26 प्रतिशत पर गया। किफायती घरों की संख्या में गिरावट का दौर पिछले साल भी जारी रहा और कुल नई आवासीय इकाइयों में किफायती घरों का अनुपात गिरकर 20 प्रतिशत रह गया। एनरॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, किफायती घरों की तादाद कम होने के पीछे कई कारक हैं। इनमें एक निश्चित रूप से जमीन है। डेवलपर मध्यम एवं प्रीमियम श्रेणी वाली इकाइयां बनाकर जमीन की लागत की आसानी से भरपाई कर सकते हैं लेकिन किफायती घरों के मामला अलग हो जाता है। रियल्टी फर्म सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने किफायती घरों की संख्या कम होने के पीछे बढ़ती निर्माण लागत और जमीन की कीमतों को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि इस श्रेणी में नई परियोजनाएं लाने की गुंजाइश ही ही नहीं बची है। एनरॉक ने कहा कि ऐसी स्थिति में नए घर की तलाश करने वाले लोगों की मांग 40 लाख रुपये से अधिक और 1.5 करोड़ रुपये से कम कीमत वाले घरों की तरफ केंद्रित हो गई है।

# स्विस बैंक गुप्त चीनी खातों पर लगा सकते हैं प्रतिबंध




एजेंसी, बीजिंग। जब से रूस ने यूक्रेन में अपना विशेष सैन्य अभियान शुरू किया है, स्विट्जरलैंड सरकार मॉस्को और उसके निवासियों पर उनके स्विस बैंक खातों को फ्रीज करके प्रतिबंध लगाने के लिए आगे बढ़ी है और इसलिए चीनी धन की बारीकी से निगरानी कर रही है, जो अगला लक्ष्य हो सकता है। वैश्विक घड़ी विश्लेषण की सूचना दी। एक इंटेल रिपोर्ट आने के बाद कि चीन रूस को ड्रोन और गोला-बारूद जैसे हथियार बेचने पर विचार कर रहा है, स्विस बैंक ने चीनी धन की बारीकी से निगरानी शुरू कर दी है।चीन हर देश के लिए एक संभावित खतरा बन गया है क्योंकि घटनाओं की संख्या ने चीन पर प्रतिबंध लगाने की संभावना को करीब ला दिया है। चीनी जासूस गुब्बारों जैसी घटनाएं और रूस को हथियार भेजने की संभावना। यहां तक कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकेन ने भी चीन को चेतावनी देते हुए कहा है कि उसके पास खुफिया जानकारी है कि बीजिंग रूस को घातक हथियारों की आपूर्ति करेगा। वहीं, ग्लोबल वॉच एनालिसिस के मुताबिक, अमेरिका भी अपने सहयोगियों के साथ खुफिया जानकारी साझा करने की तैयारी कर रहा है।एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, ब्लिंकेन ने चीन को परिणामों की चेतावनी दी, अगर बीजिंग रूस को हथियारों की आपूर्ति करने पर विचार कर रहा है। ब्लिंकेन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ष्चीन और यूक्रेन में रूस की आक्रामकता के लिए उसके समर्थन के संबंध में, जैसा कि हमने शुरू से कहा था और ... रूस की आक्रामकता की शुरुआत में वापस जाना चीन घातक सामग्री समर्थन में लगा हुआ था रूस की आक्रामकता के लिए या रूस की मदद करने के लिए प्रतिबंधों की व्यवस्थित चोरी में लगा हुआ था जो हमारे देशों के लिए एक गंभीर समस्या होगी। जब मैंने वरिष्ठ विदेश नीति अधिकारी वांग यी (चीन) को देखा, मैंने उनके साथ इस सूचना पर अपनी चिंता जताई कि चीनी रूस को हथियारों की आपूर्ति करने पर विचार कर रहे हैं, मैंने कहा कि यह चीन के साथ हमारे संबंधों में एक गंभीर समस्या होगी और वहाँ होगा परिणाम, उन्होंने कहा। स्विस बैंक ने देश में चीनी संपत्ति के आकार का खुलासा नहीं किया है, लेकिन 2014 में इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इंवेस्टिगेटिव जर्नलिज्म को जारी किए गए दस्तावेजों से पता चला है कि मुख्य भूमि चीन और हांगकांग के कम से कम 20,000 अमीर लोगों के पास उच्च-स्तरीय चीनी लाल वाली अपतटीय कंपनियां हैं।-दूसरी पीढ़ी के परिवार। ग्लोबल वॉच एनालिसिस की रिपोर्ट के अनुसार, पोलित ब्यूरो स्थायी समिति के पांच परिवार के सदस्य ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स और कुक आइलैंड्स जैसे अपतटीय वित्तीय केंद्रों में कंपनियों के मालिक हैं।

# सैन फ्रांसिस्को वाणिज्य दूतावास पर हमले के विरोध में भारतीय-अमेरिकियों ने रैली निकाली



एजेंसी, वाशिंगटन। कुछ खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला किए जाने की घटना के बाद भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में जमा हुए और उन्होंने दूतावास के सामने भारत के समर्थन में एक शांति रैली निकाली। खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला कर वहां तोड़फोड़ की थी। उन्होंने खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए पुलिस के अस्थायी सुरक्षा अवरोधकों को तोड़ दिया था और वाणिज्य दूतावास परिसर के अंदर दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए थे। हालांकि वाणिज्य दूतावास के दो कर्मियों ने जल्द ही उन झंडों को हटा दिया था। इसके बाद, प्रदर्शनकारियों का एक समूह वाणिज्य दूतावास परिसर में घुस गया था और दरवाजे तथा खिड़कियां भी तोड़ दीं थी। इस घटना का विरोध करने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी सैन फ्रांसिस्को पहुंचे और भारत के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए उन्होंने शुक्रवार को तिरंगा लहराया। उन्होंने अलगाववादी सिखों की विनाशकारी गतिविधियों की निंदा की। इस रैली के दौरान स्थानीय पुलिस भी मौजूद थी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस दौरान कुछ अलगाववादी सिख भी थे, जिन्होंने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए, लेकिन भारत का समर्थन कर रहे भारतीय अमेरिकियों की संख्या उनसे कहीं अधिक थी।

# वैश्विक स्तर पर निर्भर करेगी बाजार की दिशा, बढ़ सकता है उतार-चढ़ाव : विश्लेषक





एजेंसी, नयी दिल्ली। डेरिवेटिव अनुबंधों के मासिक निपटान के बीच कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी रह सकता है। विश्लेषकों ने यह आशंका जताते हुए कहा है कि वैश्विक कारक और विदेशी कोषों की गतिविधियां भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी। कच्चे तेल की कीमत और रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगी। 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''मार्च के वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) के निपटान से स्थानीय स्तर पर उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बैंकों की स्थिति से वैश्विक स्तर पर बाजार की दिशा तय होगी।'' उन्होंने कहा, ''बाजार की निगाह भू-राजनीतिक स्थिति पर भी रहेगी, क्योंकि रूस और यूक्रेन के बीच तनाव जारी है। इसके अलावा अमेरिका और सीरिया के बीच तनाव बढ़ रहा है। हालांकि, बाजार इसको ज्यादा तवज्जो नहीं दे रहा है। हाल के महीनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की आक्रामक बिकवाली की वजह से संस्थागत प्रवाह भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।'' बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 462.8 अंक यानी 0.79 प्रतिशत टूट गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 155 अंक यानी 0.90 प्रतिशत नीचे आया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह कारोबारी सत्रों की संख्या कम रहेगी। मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से बाजार में अधिक अस्थिरता रह सकती है। वैश्विक संकेतकों के अलावा विदेशी कोषों का प्रवाह और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार को प्रभावित कर सकती हैं।'' वैश्विक स्तर पर बैंकिंग क्षेत्र को लेकर चिंता बढ़ी है। इस बात को लेकर अनिश्चितता है कि फेडरल रिजर्व और अन्य केंद्रीय बैंक आगे चलकर ब्याज दरों को लेकर किस तरह का रुख अपनाते हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि एफएंडओ निपटान की वजह से इस सप्ताह बाजार में अधिक अस्थिरता रहेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार में लघु अवधि में अभी उतार-चढ़ाव रह सकता है क्योंकि वैश्विक बैंकिंग प्रणाली संकट से पूरी तरह उबर नहीं पाई है, खासकर यूरोप में। पश्चिमी बाजारों से बीएफएसआई खंड को ऑर्डर घटने की आशंका से सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में भी बिकवाली देखने को मिल रही है।

# (एफएमसीजी) क्षेत्र में स्थापित ब्रांड को चुनौती देने की तैयारी में रिलायंस




एजेंसी, नयी दिल्ली। गुजरे दौर के शीतल पेय ब्रांड कैम्पा को दोबारा बाजार में पेश करने वाली रिलायंस ने अब व्यक्तिगत एवं घरेलू उपभोग खंड में भी कदम रखकर और 30-35 प्रतिशत कम दाम में उत्पादों को उतारकर स्थापित एफएमसीजी कंपनियों के लिए चुनौती पेश कर दी है। रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले उत्पाद (एफएमसीजी) क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि स्थापित कंपनियों के उत्पादों की तुलना में कम दाम पर रिलायंस के उत्पादों के उपलब्ध होने से ग्राहक उन्हें आजमाने के लिए प्रेरित होंगे और फिर वे उनकी गुणवत्ता एवं प्रदर्शन को देखते हुए दोबारा इस्तेमाल करने के बारे में कोई फैसला करेंगे। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) के पूर्ण स्वामित्व वाली एफएमसीजी अनुषंगी आरसीपीएल के उत्पाद अभी सिर्फ चुनिंदा बाजारों में ही उपलब्ध हैं लेकिन कंपनी इनके लिए अखिल भारतीय स्तर पर डीलरशिप नेटवर्क खड़ा करने में लगी हुई है। ऐसा होते ही उनके उत्पादों की उपलब्धता आधुनिक एवं सामान्य कारोबारी माध्यमों पर हो जाएगी। उद्योग के एक जानकार सूत्र ने कहा, ''वे एक समर्पित वितरण नेटवर्क खड़ा कर रहे हैं जिसमें परंपरागत डीलर एवं स्टॉकिस्ट के साथ आधुनिक बी2बी चौनल भी शामिल होंगे।'' रिलायंस की योजना 110 अरब डॉलर आकार वाले एफएमसीजी खंड में एक अहम स्थान पाने की है और अभी तक इस क्षेत्र पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, पीएंडजी, रेकिट और नेस्ले जैसी कंपनियां का दबदबा है। रिलायंस ने हाल ही में नहाने के साबुन, डिटर्जेंट पाउडर और बर्तन धोने वाले साबुन के कई उत्पाद बाजार में उतारे हैं। इनकी कीमत स्थापित कंपनियों के उत्पादों की तुलना में 30-35 प्रतिशत तक कम हैं। इसके पहले रिलायंस ने कैम्पा को भी नए सिरे से बाजार में पेश कर पेप्सी एवं कोक जैसे ब्रांड को टक्कर देने की कोशिश की है। टेक्नोपार्क एडवाइजर्स के चेयरमैन अरविंद सिंघल ने कहा कि रिलायंस ने पहले दूरसंचार क्षेत्र में कम कीमत पर सेवाएं देकर बड़ा उलटफेर किया था और अब वह एफएमसीजी खंड में वही काम करना चाहती है। लेकिन उसके उत्पादों की गुणवत्ता थोड़ी भी कम हुई तो वह कामयाब नहीं हो पाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रिलायंस ने एफएमसीजी खंड में उतरने के पहले जमीनी तैयारियां काफी अच्छी तरह की हैं और वह निजी उपभोग पर ज्यादा जोर दे रही है। अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरक महासंघ के अध्यक्ष धैर्यशील पाटिल ने कहा कि आरसीपीएल के उत्पाद अभी बाजार में नहीं पहुंचे हैं और मीडिया में प्रचार एवं विज्ञापन अभियान के साथ इन्हें नहीं उतारा जाता है तो लोगों का इन पर ध्यान भी नहीं जाएगा।

# बेहतर दिखने के लिए राजकुमार राव ने करवाई जॉ लाइन की प्लास्टिक सर्जरी



दमदार एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले एक्टर राजकुमार राव इन दिनों अपनी फिल्म भीड़ को लेकर सुर्खियों में बने हुआ हैं। सच्ची घटनाओं पर आधारित ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। लेकिन अभी भी एक्टर अपनी फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच राजकुमार राव को लेकर एक ऐसी खबर फैली जिसके बारे में सुनकर वो खुद हैरान रह गए। लेकिन अब सभी अटकलों पर खुद एक्टर ने चुप्पी तोड़ी है। अब राजकुमार राव ने खुद से जुड़ी लोगों की गलतफहमी को दूर किया है, साथ ही फैंस के मन में उठ रहे सवाल के भी जवाब दिए हैं। दरअसल, काफी समय से ऐसी खबरें सामने आ रही थी कि राजकुमार राव ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। ऐसे में एक इंटरव्यू के दौरान एक्टर से इस सर्जरी को लेकर सवाल किया गया। वहीं, इस इंटरव्यू में राजकुमार राव ने अपनी प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों पर जवाब देते हुए अपनी बात रखी। दरअसल, राजकुमार राव को सोशल मीडिया पर काफी समय से ट्रोल किया जा रहा है कि उन्होंने जॉ लाइन की सर्जरी करवाई है। ऐसे में इंटरव्यू में राजकुमार राव ने ट्रोलर्स को जवाब देते हुए अपना रिएक्शन दिया। एक्टर ने चौंकते हुए कहा, प्लास्टिक सर्जरी, नहीं भईया, कोई प्लास्टिक सर्जरी नहीं करवाई... प्लास्टिक सर्जरी बाप रे बाप। इसके बाद जब एक्टर से पूछा गया कि ऐसी चीजें जब वो सुनते हैं तो उनका कैसा रिएक्शन होता है। तो राजकुमार राव ने कहा, कुछ नहीं, स्माइल आती है चेहरे पर, अच्छा है लोग बात कर रहे हैं। वहीं, बात अगर एक्टर के वर्कफ्रंट की करें तो, राजकुमार राव ने साल 2010 में राम गोपाल वर्मा की फिल्म से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने लव सेक्स और धोखा में काम किया। राजकुमार की पिछली फिल्म मोनिका ओ माई डार्लिंग थी। राजकुमार की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही है। इसके अलावा इंडस्ट्रियलिस्ट श्रीकांत बोल्ला की बायोपिक श्री में भी एक्टर नजर आने वाले हैं।

››› बॉलीवुड ‹‹‹

# 3 इडियट्स' का सीक्वल हुआ कंफर्म

## खुद फिल्म की एक्ट्रेस करीना कपूर ने शेयर कर दी जानकारी

बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म '3 इडियट्स' बॉलीवुड की मोस्ट आइकॉनिक फिल्मों में से एक रह चुकी। फिल्म की कॉमेडी हो या फिल्म द्वारा दिए जाने वाला हर एक मैसेज लोगो के दिलो को पूरी तरह छूता नजर आया था। ये फिल्म साल 2009 में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए थे। बॉलीवुड एक्टर्स आमिर खान, आर माधवन, शरमन जोशी, बोमन ईरानी और करीना कपूर खान स्टारर इस फिल्म ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से ऑडियंस को काफी इम्प्रेस किया था। वहीं फैंस काफी समय से इस फिल्म के सीक्वल की भी डिमांड कर रहे थे। वहीं अब एक्ट्रेस करीना कपूर ने अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट से इस खबर पर अपने अजब रिएक्शन से पक्की मुहर भी लगा दी है कि जल्द ही शायद '3 इडियट्स' का सीक्वल आ रहा है। बता दें कि करीना कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो शेयर किया है। जिस क्लिप में करीना हैरानी के साथ कुछ रिएक्ट करती हुई देखी जा रही हैं। वीडियो में आमिर, आर माधवन और शरमन जोशी की एक प्रेस कॉन्फ्रेस में बैठे हुए की तस्वीर नजर आती है और इस पर '3 इडियट्स' भी लिखा हुआ है।इस तस्वीर की ओर इशारा करते हुए करीना हैरानी के साथ कहती नजर आती हैं, मुझे अभी पता चला है जब मैं छुट्टी पर गई हुई थी और ये तीनों कुछ ला रहे हैं. प्रेस कॉन्फ्रेस का क्लिप जो छाया हुआ है वो सीक्रेट हमसे छुपा रहे हैं. कुछ तो गड़बड़ है. प्लीज ये मत कहना है कि ये शरमन जोशी का मूवी प्रमोशन है. मुझे लगता है ये सीक्वल प्लानिंग कर रहे हैं. लेकिन सिर्फ ये तीनो लेकिन मेरे बिना कैसे ? मुझे नहीं लगता कि बोमन को इस बारे में पता है. अभी बोमन को फोन कर चेक करती हूं आखिर चल क्या रहा है ये तीनो सीक्वल जरूर ला रहे हैं.卐 बता दें कि ना सिर्फ एक्ट्रेस करीना बल्कि कुछ दिनों पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी ने भी मीडिया से बातचीत में इस खबर को कंफर्म किया था कि' 3 इडियट्स' का सीक्वल आएगा। उन्होंने इसकी फ्रेंचाइजी को लेकर कहा था कि अभी फिलहाल तो इसकी स्क्रिप्टिंग चल रही है। इसके लिए वे अपने को-राइटर अभिजात जोशी के साथ काम भी कर रहे हैं। लेकिन साथ ही डायरेक्टर ने फिल्म की कास्ट, प्लॉट और ये कब फ्लोर पर जाएगी इस डिटेल का खुलासा नहीं किया था। बता दे कि साल 2009 की ब्लॉक बस्टर फिल्म रह चुकी ' 3 इडियट्स' में आमिर खान के साथ करीना कपूर भी अहम भूमिका निभाती हुई नजर आई थीं। 55 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर शानदार 400 करोड़ का कलेक्शन कर सबके छक्के छुड़ा दिए थे। फिल्म में आमिर और करीना की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। वहीं फिल्म के सीक्वल की अनाउंसमेंट के बाद एक बार फिर फैंस आमिर, आर माधवन , शरमन और करीना की वही दमदार परफॉर्मेंस को पर्दे पर देखने के लिए एक्साइटेड हो उठे हैं।




# कपिल शर्मा की वजह से हो जाता है अजय देवगन के जबड़े में दर्द

अजय देवगन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म भोला को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में एक बार फिर अजय और तब्बू साथ नजर आने वाले हैं। भोला रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है और एसे में अजय और तब्बू फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। ऐसे में जल्द ही अजय और तब्बू फिल्म भोला का द कपिल शर्मा शो में प्रमोट करते दिखने वाले हैं। सालों से अपने कॉमेडी डोज से लोगों को एंटरटेन करने वाला पॉपुलर शो 'द कपिल शर्मा' का नया प्रोमो रिलीज हो गया है। इस बार कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में अजय देवगन और तब्बू बतौर गेस्ट नजर आएंगे। शो से एक प्रोमो सामने आया है, जिसमें इस एपिसोड में मिलने वाले एंटरटेनमेंट की एक झलक दर्शकों को देखने मिली। सामने आए प्रोमो में आप देख सकते हैं कि द कपिल शर्मा शो में अजय देवगन अपनी फिल्म भोला ही नहीं बल्कि अपनी लाइफ से जुड़ी कई बातों पर खुलकर बात की। कॉमेडियन कपिल शर्मा अपने शो में आने वाले एक्टर की जमकर चुटकी लेते हैं और उनके साथ मस्ती-मजाक करते हैं। मगर इस बार अजय ने उल्टा कपिल के ही मजे ले डाले। दरअसल, इस दौरान कपिल शर्मा अजय देवगन से कहते हैं कि वो हमेशा कई करह के स्टंट्स करते हैं। कभी बाइक तो कभी कार। यही नहीं, घोड़ों पर और जहाज पर भी चढ़कर स्टंट करते नजर आते हैं। इस बार तो आप ट्रक पर चढ़कर आते दिखाई दे रहे हैं। सारे स्टंट में अब तक का आपका सबसे मुश्किल स्टंट कौन सा रहा है? कपिल का सवाल सुनकर अजय मजाकिया अंदाज में कहते हैं, एक स्टंट जब मैं करता हूं ना तो मेरे जबड़े में बहुत दर्द होती है। आगे जब कपलि पूछते हैं कि कौन सा जबड़ा, तो आगे अजय जवाब देते हैं, जब तेरे जोक पर हंसना पड़ता है। अजय का जवाब सुनकर कॉमेडियन की तो बोलती ही बंद हो जाती है और वहां मौजूद सब लोग खिलखिलाकर हंस देते हैं। बता दें कि अजय देवगन और तब्बू स्टारर भोला 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने आ रही है। इस फिल्म को खुद अजय ने ही डायरेक्ट किया है। भोला फिल्म में अजय देवगन और तब्बू के अलावा अजय मिश्रा, विनीत कुमार और गजराज राव जैसे सितारे भी हैं। फैंस इस फिल्म में अजय का जबरदस्त एक्शन अवतार देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।



# इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर 2023 में पिता प्रकाश संग नजर आये दीपिका और रणवीर, इस दौरान दिखी ससुर-दामाद की स्पेशल बॉन्डिंग


अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म भीड़ फाइनली सिनेमाघरों में अपनी दस्तक दे चुकी हैं, और कहने की जरूरत नहीं है कि इसने ऑडियंस के दिलों को किस कदर छू लिया है। यह भले ही अभी सिर्फ एक कहानी की तरह लगता है लेकिन तीन साल पहले यह रियलिटी थी जिससे पूरे देश और दुनिया बड़े लेवल पर जूझ रही थी और हाल ही में बाईट दिन इसे आये हुए 3 साल भी पूरे हुए। 'भीड' में उसी कोविड-19 के दौरान की भयावहता को पर्दे पर उतारा गया हैं। लॉकडाउन के दौरान जिस मुश्किल से लोगों को असल जिंदगी में जूझना पड़ा था उसे पर्दे पर एक बार फिर देखकर लोगों की रूह कांप उठी है। तो चलिए जानते हैं सोशल मीडिया पर फिल्म भीड़ को लेकर आखिर लोगों का क्या रिएक्शन सामने आया है...... सोशल मीडिया पर भीड़ की तारीफ में लोगो के भाव खूब बखूबी जहीर होते दिख रहे हैं जिसमे कुछ ट्वीट करते हुए एक यूजर ने लिखा, दिल को छूती ,कटाक्ष करती एक मार्मिक फिल्म है भीड़ वहीं एक और यूजर ने लिखा, लॉकडाउन के दौरान देश ने बहुत कुछ झेला. बहुत कुछ देखा, एक फिल्मकार के नजरिए से उस दौर में पलायन कर रहे लाखों मजदूरों की तकलीफों को अनुभव सिन्हा ने बेहद असरदार तरीके से फिल्माया है. राजकुमार राव और आशुतोष राणा जैसे कलाकारों ने भीड़ को एक डॉक्यूमेंट बना दिया है, देखिए जरूर..लॉकडाउन के दौरान देश ने बहुत कुछ झेला। बहुत कुछ देखा, एक फिल्मकार के नजरिए से उस दौर में पलायन कर रहे लाखों मजदूरों की तकलीफों को बेहद असरदार तरीके से फिल्माया है। राष्ट्र द्वारा सामना किए गए सबसे बुरे समय में, एक व्यक्ति ने कुछ अलग करने का साहस किया. दुनिया उस अदृश्य कहानी को देखेगी जो हमेशा प्लेन साइट में छिपी थी. भीड़ आज से सिनेमाघरों में जरूर देखें,एक और यूजर ने लिखा, अनुभव सिन्हा की भीड़ भारत द्वारा सामना किए गए लॉकडाउन के दौरान सामने आई सबसे बड़ी मानवीय त्रासदियों में से एक का पावरफुल और झकझोर देने वाला रिप्रेजेंटेशन है. वह शानदार ढंग से कास्ट एंगल को सामने लाते हैं. राजकुमार राव ने एक बार फिर शानदार परफॉरमेंस दी है.बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर, आशुतोष राणा, पंकज कपूर, दीया मिर्जा, कृतिका कामरा और कई कलाकारों से भरी फिल्म भीड़ सिन्हा द्वारा 2020 में देश के सामने आने वाले भारी संकट को उजागर करने की एक और सराहनीय कोशिश है। कोविड काल में सरकार द्वारा लगाया गया लॉकडाउन, शहरों से उस दौरान लोगों का होने वाला पलायन, लोगों के सामने आने वाली चुनौतियां, 'भीड' महामारी की दिल को झकझोर देने वाली रियलिटी को पर्द पर बखूबी दिखाती है। कोरोनोवायरस महामारी की शुरुआत के साथ आई लाचारी को भीड़ के तमाम कलाकारों ने अपने बेहद ही दमदार एक्टिंग से फिर से प्रदर्शित किया है। इसी वजह से फिल्म की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है।



››› बॉलीवुड ‹‹‹

# लव टुडे के हिंदी रीमेक में हुई खुशी कपूर की एंट्री! इस सुपरस्टार के बेटे संग करेंगी रोमांस

बोनी कपूर की दोनों बेटियां जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर दोनों की लाइमलाइट में बनी रहती हैं। जहां जाह्नवी अब फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम बन चुकी हैं। वहीं, खुशी कपूर ने भले ही फिल्मी दुनिया में कदम न रखा हो, लेकिन ये हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। ये सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव नजर आती है अब इन्हें लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि खुशी के हाथों एक बड़ी फिल्म लगी है। बता दें कि बोनी कपूर और दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। स्टारकिड जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली हैं। मगर इसी बीच अब खबर आ रही है कि आर्चीज की रिलीज से पहले ही खुशी कपूर ने एक बिग बजट फिल्म साइन कर ली है। खबर है कि जाह्नवी कपूर की छोटी बहन खुशी ने तमिल की सुपरहिट फिल्म लव टुडे की हिंदी रीमेक को साइन किया है। इस फिल्म खुशी के अपोजिट एक स्टारकिड ही नजर आने वाला है। खुशी के साथ फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान नजर आएंगे। जुनैद ने भी अभी बॉलीवुड डेब्यू नहीं किया है। मीडिया रिपोर्टस मुताबिक, फैंटम फिल्म लंबे वक्त से तमिल की हिट फिल्म लव टुडे का हिन्दी रीमेक बनाने की प्लानिंग से कर रहा था। कहा जा रहा है कि खुशी कपूर और जुनैद खान को लव टुडे की कहानी पसंद आई और जो किरदार उन्हें ऑफर हुआ है, वो उन्हें काफी अच्छा लगा है। ऐसे में जुनैद खान और खुशी कपूर ने लव टुडे के हिंदी रीमेक के लिए हामी भर दी है।



# समन्दर किनारे चिल करती दिखी कियारा आडवाणी तो लोगों ने किया सवाल- हनीमून पर हो क्या? सिद्धार्थ कहां है

इन दिनों बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा कियारा आडवाणी अपने बिजी शेड्यल से समय निकाल छुट्टियों वाले मूड को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही हैं। जिसका सबूत उनकी लेटेस्ट तस्वीरें साफ दे रही हैं। की कैसे शादी के बाद ही काम पर लौटी कियारा ने अब फायनली अपने लिए समय निकाल ही लिया हैं। उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें वह काफी अट्रैक्टिव लग रही हैं। हालांकि कियारा की फोटोज पर कमेंट करने वाले फैंस ने सिद्धार्थ को ज्यादा याद किया। कई फैंस ने तो यहां तक पूछा कि क्या आप हनीमून पर गए हुए हैं ?कियारा ने दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर बीच साइड की कई फोटोज शेयर कीं हैं जिसमे उनका काफी अट्रैक्टिव लुक सामने आया। इनमें वह व्हाइट टर्टलनेक बॉडी सूट में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने किलर पोज से लोगो को दीवाना करती हुई दिख रही हैं। अपने इस लुक को कम्प्लीट करने के लिए उन्होंने स्लिट टाई-डाई प्रिंट स्कर्ट के साथ इस टॉप को पेयर किया हुआ है। फोटो के साथ कियारा ने लिखा, बीच प्लीज। बता दे कि सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली कियारा को लाखो लोग फॉलो और पसंद करते हैं। जिसमे उनके द्वारा इस लेटेस्ट शेयर की गई पोस्ट पर अबतक 2 करोड़ से अधिक लोग लाइक कर चुके हैं और छह हजार से ज्यादा लोगों ने इस पोस्ट पर कमेंट किया हैं। कियारा की ये तस्वीर जितनी सुंदर हैं उतनी उनके फैंस को ये तस्वीर अधूरी भी नजर आई आखिर शादी के बाद पहली बार कियारा वकेशंस पर निकली हैं और ऐसे में सिर्फ अकेली कियारा को ही देखा जाये ये तो कुछ अधूरा हैं ही। तो बस इसी पर जवाब मांगते हए एक फैन ने पूछा, क्या आप अकेले हनीमून पर चली गई।



हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK